# प्रिलिम्स रिफ्रेशर प्रोग्राम 2020 : टेस्ट 20

1. प्रवालों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. प्रवाल सोडियम कार्बोनेट निकालते हैं जो समय के साथ संचित होकर प्रवाल भित्तियों का निर्माण करते हैं।
   2. प्रकाश संश्लेषक शैवाल के साथ प्रवालों का सहजीवी संबंध है जो प्रवाल के रंगों की विविधता के लिये उत्तरदायी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** प्रवाल भित्तियाँ या मूंगे की चट्टानें (Coral reefs) समुद्र के भीतर स्थित प्रवाल जीवों द्वारा छोड़े गए **कैल्शियम कार्बोनेट** से बनी होती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- प्रवाल समुद्री जल में कैल्शियम कार्बोनेट छोड़ते हैं जिससे कठोर तथा टिकाऊ बाह्य आवरण का निर्माण होता है यह बाह्य आवरण प्रवालों के कोमल शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। समय के साथ-साथ प्रवालों द्वारा बाह्य आवरण के रूप में छोड़े गए कैल्शियम कार्बोनेट के अवशेषों के संग्रहण से प्रवाल भित्तियों का निर्माण होता है।
- प्रवाल कठोर संरचना वाले चूना प्रधान जीव (सिलेन्ट्रेटा पोलिप्स) होते हैं। इन प्रवालों की कठोर सतह के अंदर सहजीवी संबंध से रंगीन शैवाल जूजैंथिली (Zooxanthellae) पाए जाते हैं।
- ये शैवाल कोरल पोलिप के शरीर में रहे हैं तथा प्रवाल को भोजन प्रदान करते हैं तथा पोलिप्स शैवाल को आश्रय और कार्बन डाइऑक्साइड प्रदान करते हैं।
- इस शैवालों के कारण ही प्रवालों के रंगों में विविधता पाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

2. वंदे भारत मिशन के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

a. यह भारतीय नागरिकों को विदेशों से वापस लाने के लिये एक निकासी अभ्यास है।
b. यह कई देशों का एक साझा संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
c. इसका उद्देश्य भारत के मौजूदा रेलवे नेटवर्क को सेमी-हाई स्पीड में अपग्रेड करना है।
d. इसका उद्देश्य कोविड19 संकट के दौरान अपनी आजीविका खो चुके प्रवासी मज़दूरों का पुनर्वास करना है।

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** कोरोनावायरस के कारण वैश्विक यात्रा पर प्रतिबंध होने से विदेश में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने हेतु 'वंदे भारत मिशन' चलाया गया। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- इसके अलावा भारतीय नौसेना ने राष्ट्रीय प्रयास के एक भाग के रूप में विदेशों से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिये 'ऑपरेशन समुद्र सेतु' आयोजित किया।
- यह 1990 के दशक में इराक और कुवैत के बीच शत्रुता के कारण शुरू हुए प्रथम खाड़ी युद्ध के दौरान खाड़ी क्षेत्र से 177,000 भारतीय नागरिकों की निकासी के बाद भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिये चलाया गया सबसे बड़ा अभ्यास भी माना जा रहा है।
- मिशन के तहत न भारतीय नागरिकों को वापस लाने को प्राथमिकता दी गई है जो वापसी के लिये मज़बूर थे। जैसे- वे लोग जिनका रोज़गार समाप्त हो गया है,

जिनका वीजा समाप्त हो गया था और वर्तमान परिस्थितियों में उसकक नवीनीकरण नहीं किया जा सकता तथा जिन्होंने हाल ही में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है।

3. भारत में आधिकारिक भाषाओँ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संसद में कार्य संचालन की भाषाएँ केवल हिंदी और अंग्रेजी हैं।
   2. भारतीय संविधान का भाग XVII आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है।
   3. अंग्रेजी आठवीं अनुसूची के तहत एक आधिकारिक भाषा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** अनुच्छेद 120 (संसद में प्रयुक्त होने वाली भाषा) संसद में कार्य संचालन के लिये हिंदी या अंग्रेज़ी भाषा के उपयोग का प्रावधान करता है, लेकिन संसद के सदस्यों को अपनी बात मातृभाषा में व्यक्त करने का अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद XVII (अनुच्छेद 343 से 351) आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आठवीं अनुसूची 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्रदान करती है।: असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली , मैथिली और डोगरी।
- अंग्रेजी आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं का हिस्सा नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

4.. पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. EIA भारत में औपचारिक कानूनी ढाँचे का एक हिस्सा है।
   2. EIA, वर्ष 1992 की रियो घोषणा के बाद उभर कर सामने आया।
   3. जैव-विविधता पर अभिसमय में EIA की आवश्यकता को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भारत वर्ष 1992 में पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) द्वारा अपनाए गए रियो घोषणापत्र (जिसे पृथ्वी शिखर सम्मेलन भी कहा जाता है) का एक पक्षकार है, जिसने सतत् विकास, निवारक सिद्धांत और EIA जैसे पर्यावरणीय सिद्धांतों की एक सूची को स्पष्ट किया।

  - वर्ष 1992 के रियो सम्मेलन के बाद, वर्ष 1994 में EIA भारत के औपचारिक कानूनी ढाँचे का हिस्सा बना। अतः कथन 1 और 2 सही हैं।

- भारत पर जैव विविधता पर अभिसमय (CBD) और जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) का भी पक्षकार है, जिसमें पर्यावरण के लिये अत्यधिक खतरनाक स्थितियों में पूर्व EIA की आवश्यकता को शामिल किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

5. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उधारी (PSL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) और लघु वित्त बैंकों को अपने समायोजित निवल बैंक उधारियों (ANDC) का 40% PSL को देना होगा।
2. संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिये ऋण, PSL के तहत वित्त हेतु पात्र श्रेणी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उधारी (Priority Sector Lending- PSL) के तहत, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) बैंकों को अपने धन का एक निश्चित हिस्सा कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs), निर्यात ऋण, शिक्षा, आवास, सामाजिक अवसंरचना के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को उधार देने के लिये बाध्य करता है।

- सभी **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और विदेशी बैंकों** (भारत में व्यापक उपस्थिति वाले) के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे अपने समायोजित निवल बैंक उधारियों/नेट बैंक क्रेडिट (ANDC) का 40% इन क्षेत्रों में ऋण देने के लिये निर्धारित करें।
- **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) और लघु वित्त बैंकों** को अपने समायोजित निवल बैंक उधारियों **(ANDC) का 40%** PSL को देना होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- हाल ही में RBI प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उधार (PSL) के संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये, जो उभरती राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुकूल हैं और समावेशी विकास पर भी ज़ोर देते हैं।
- बैंक 50 करोड़ रुपए तक स्टार्ट-अप का वित्तीयन करते हैं। किसानों को ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सोलराइज़ेशन हेतु सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिये ऋण तथा संपीडित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिये ऋण को PSL के तहत वित्त के लिये योग्य नवीनतम श्रेणियों के रूप में शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

6. गंगा डॉल्फिन की संरक्षण स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय वन्यजीव (संरक्षण), अधिनियम 1972 की पहली अनुसूची के तहत सूचीबद्ध है।
2. IUCN रेड लिस्ट के तहत इसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: गंगा डॉल्फिन की संरक्षण स्थिति**:

- गंगा डॉल्फिन को भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची में शामिल किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में इसे संकटग्रस्त (Endangered) की सूची में शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- वन्यजीवों और वनस्पतियों की संकटापन्न प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES) के परिशिष्ट I (सर्वाधिक संकटग्रस्त) में शामिल किया गया है।
- प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS) के परिशिष्ट II में शामिल किया गया है।

7. 'ब्रिक्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस पद/शब्द की संरचना ब्रिटिश अर्थशास्त्री एंगस डीटन द्वारा की गई थी।
   2. ब्रिक्स के गोवा घोषणा-पत्र द्वारा न्यू डेवलपमेंट बैंक और आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था की घोषणा की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** वर्ष 2001 में, ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ'नील ने चार उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं चार ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन को वर्णित करने के लिये BRIC शब्द की संरचना की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

  - वर्ष 2006 में BRIC के विदेश मंत्रियों की प्रथम बैठक के दौरान इस समूह को औपचारिक रूप दिया गया था।
  - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया था, जिसके बाद समूह ने संक्षिप्त रूप BRICS को अपनाया।

- वर्ष 2014 में फोर्टलेज़ा (ब्राज़ील) में आयोजित छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB - शंघाई, चीन) की स्थापना से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये। उसी समय सदस्य देशों को अल्पकालिक तरलता सहायता प्रदान करने के लिये ब्रिक्स आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था पर भी हस्ताक्षर किये गए। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

8. संसदीय समितियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय संविधान में संसदीय समितियों की रचना और कार्यकाल का उल्लेख है।
   2. सेवा समिति एक स्थायी समिति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** भारतीय संविधान में संसदीय समितियों का अलग-अलग स्थानों एवं संदर्भों में उल्लेख आता है, लेकिन इन समितियों के गठन, कार्यकाल तथा कार्यों आदि के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- आम तौर पर संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं- स्थायी समितियाँ तथा तदर्थ समितियाँ।
- **स्थायी समितियां:** ये स्थायी प्रकृति की होती हैं जो निरंतरता के आधार पर कार्य करती हैं। इनका गठन प्रत्येक वर्ष अथवा समय-समय पर किया जाता है। कार्य की प्रकृति के आधार पर स्थायी समितियों को का निम्नलिखित समूहों में वर्गीकरण किया जा सकता है-
  - वित्त समितियाँ
  - विभागीय स्थायी समितियाँ
  - जाँच समितियाँ

- परीक्षण एवं नियंत्रण के लिये गठित समितियाँ
  - सदन के दैनन्दिन कार्यों से संबंधित समितियाँ
  - **सदन समितियाँ अथवा सेवा समितियाँ (अतः कथन 2 सही है)**
- **तदर्थ समितियाँ:** इनकी प्रकृति अस्थायी होती है तथा जिस प्रयोजन से इनका गठन किया जाता है वह समाप्त होते ही इनका कार्यकाल भी समाप्त हो जाता है तथा ये अस्तित्व में नहीं रह जातीं।
- तदर्थ समितियों को दो कोटियों में वर्गीकृत किया जा सकता है-
  - जाँच समितियाँ
  - सलाहकार समितियाँ
- **तदर्थ समितियों के उदाहरण:** बोफोर्स संविदा (ठेके) के लिये संयुक्त समिति, ऊर्वरक मूल्य निर्धारण के लिये संयुक्त समिति।

9. 'डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर'(DEPA) के मसौदे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह RBI द्वारा जारी एक मसौदा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को उनके बैंकिंग डेटा पर नियंत्रण के साथ सशक्त बनाना है।
2. इसमें उपयोगकर्त्ता सहमति प्रबंधक को शामिल किया जाएगा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** नीति आयोग ने 'डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर' ( DEPA) का मसौदा जारी किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- DEPA की संस्थागत अवसंरचना में उपयोगकर्त्ता सहमति प्रबंधक को शामिल किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- ड्राफ्ट- DEPA इस अवधारणा पर आधारित है कि व्यक्ति स्वयं व्यक्तिगत डेटा की उपयोगिता को निर्धारित करने के मामले में सबसे अच्छे न्यायाधीश हैं। अत: व्यक्तियों का अपने व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करने तथा इसे साझा करने के तरीकों पर नियंत्रण होना चाहिये।
- ड्राफ्ट- DEPA इस विश्वास के साथ तैयार किया गया है कि डेटा संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली एजेंसियाँ भारतीयों को अपने जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

10. दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन कमज़ोर समुदायों के वित्तीय समावेशन पर विशेष बल देता है।
2. इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM), **ग्रामीण विकास मंत्रालय** की एक महत्त्वपूर्ण योजना है, जिसका

उद्देश्य गरीबों के सतत सामुदायिक संस्थानों की स्थापना करना तथा इसके माध्यम से ग्रामीण गरीबी समाप्त करना तथा आजीविका के विविध स्रोतों को प्रोत्साहन देना है। केंद्र द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को राज्यों के सहयोग से लागू किया गया है। इस मिशन को वर्ष 2011 में शुरू किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

- DAY-NRLM निर्धनों में से सबसे निर्धन एवं सबसे निर्बल समुदायों को लक्षित करने एवं उनके वित्तीय समावेशन पर विशेष बल देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

11. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
    1. यह 'आसियान प्लस सिक्स' प्रणाली पर आधारित है।
    2. इसके सदस्य केवल एशिया महाद्वीप से हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** यह एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के 18 देशों के नेताओं द्वारा संचालित एक विशिष्ट मंच है जिसका गठन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और समृद्धि के उद्देश्य से किया गया था।

- EAS एक क्षेत्रीय मंच है, जिसमें शुरूआत में 'आसियान प्लस सिक्स' प्रणाली के आधार पर आधारित पूर्वी एशियाई, दक्षिण पूर्व एशियाई, दक्षिण एशियाई और महासागरीय क्षेत्रों के 16 देश शामिल थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) को आम क्षेत्रीय विषयों, राजनीति, सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर सामरिक वार्ता तथा सहयोग के लिये एक मंच के रूप में विकसित किया गया है जो क्षेत्रीय निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- इस संबंध में ईस्ट एशिया ग्रुपिंग (East Asia Grouping) की अवधारणा पहली बार वर्ष 1991 में मलेशिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत की थी परंतु पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) इसकी स्थापना वर्ष 2005 में की गई।
- पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) में 10 आसियान सदस्य देशों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, कोरिया, न्यूज़ीलैंड, रूस और अमेरिका भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

12. स्पेशल फ्रंटियर फोर्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसका गठन LAC पर चीनी कब्जे को रोकने के लिये किया गया था।
    2. यह रक्षा मंत्रालय के दायरे में आता है।
    3. इसे विकास बटालियन भी कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** SFF का गठन वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद किया गया था। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर चीनी कब्जे को रोकने के क्रम में इसके गठन को महत्त्वपूरण माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह कैबिनेट सचिवालय के दायरे में आता है जहाँ इसका नेतृत्त्व एक महानिरीक्षक करता है जो मेजर जनरल

रैंक का एक सेना अधिकारी होता है।
**अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- यह एक 'कोवर्ट आउटफिट' थी जिसमें तिब्बतियों को भर्ती किया जाता था किंतु अब इसमें तिब्बतियों एवं गोरखाओं दोनों को भर्ती किया जाता है। शुरूआत में इसे 'Establishment 22' के नाम से जाना जाता था। इसका नाम 'Establishment 22' इसलिये रखा गया था क्योंकि इसे मेजर जनरल सुजान सिंह उबान ने प्रस्तावित किया था
- मेजर जनरल सुजान सिंह उबान एक आर्टिलरी अधिकारी थे जिन्होंने 22 माउंटेन रेजिमेंट (22 Mountain Regiment) की कमान संभाली थी। SFF में शामिल इकाइयाँ 'विकास बटालियन' (Vikas Battalion) के रूप में जानी जाती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- SFF इकाइयाँ भारतीय थल सेना का हिस्सा नहीं हैं किंतु ये सेना के संचालन नियंत्रण में कार्य करती हैं। इसने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए कई विभिन्न अभियानों में भाग लिया है जैसे:
    - ऑपरेशन ईगल (पाकिस्तान के साथ वर्ष 1971 का युद्ध),
    - ऑपरेशन ब्लूस्टार (वर्ष 1984 में अमृतसर का स्वर्ण मंदिर),
    - ऑपरेशन मेघदूत (वर्ष 1984 में सियाचिन ग्लेशियर) और
    - ऑपरेशन विजय (वर्ष 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के साथ युद्ध) के अलावा देश में विभिन्न आतंकवाद रोधी अभियान।

13. इंद्र (INDRA) श्रृंखला का अभ्यास भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस देश के साथ किया जाता है?

a. रूस
b. अमेरीका
c. फ्राँस
d. इंडोनेशिया

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** इंद्र सैन्य अभ्यास श्रृंखला की शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी और भारत के पश्चिमी और पूर्वी, दोनों तटों पर मई 2003 में पहले भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास का आयोजन किया गया था।

- वर्ष 2017 में रूस के व्लादिवोस्टोक में पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें दोनों देशों की थल, वायु एवं जल सेनाओं ने भाग लिया।
- यह भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

14. निम्नलिखित में से किस बाघ अभयारण्य में विश्व का सबसे बड़ा और सबसे पुराना सागौन का पेड़ 'कनिमारा' स्थित है?

a. दांडेली टाइगर रिज़र्व
b. बांदीपुर टाइगर रिज़र्व
c. नागरहोल टाइगर रिज़र्व
d. पराम्बिकुलम टाइगर रिज़र्व

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** परम्बिकुलम टाइगर रिज़र्व भारत में दक्षिणी पश्चिमी घाटों के नेल्लम्पैथी- अनामलाई परिदृश्य में एक अच्छी तरह से संरक्षित पारिस्थितिक क्षेत्र है।

- यह केरल के पलक्कड़ जिले में स्थित है।
- वर्ष 2008-09 के दौरान इसे टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया था।
- रिज़र्व को विश्व में पहली बार वैज्ञानिक रूप से प्रबंधित सागौन वृक्षारोपण का श्रेय दिया जाता है जिसे बाद में वन भूमि में मिला दिया गया।
- इसी क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा और सबसे पुराना सागौन का वृक्ष है। जिसका

नाम "कनिमारा" (आयरिश नाम कोनीमारा का भ्रष्ट संस्करण) है, माना जाता है कि यह पेड़ 350 साल पुराना है और इसकी ऊँचाई 40 मीटर और परिधि 6.4 मीटर है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

15. 'नॉर्ड स्ट्रीम 2' निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच एक गैस पाइपलाइन है?

a. रूस और फ्राँस
b. रूस और जर्मनी
c. जर्मनी और स्वीडन
d. स्वीडन और पोलैंड

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** नॉर्ड स्ट्रीम 2 बाल्टिक सागर से होते हुए से रूस से जर्मनी तक लगभग पूरी हो चुकी 1,200 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन है।

- यह पहले से निर्मित नॉर्ड स्ट्रीम के साथ-साथ चलेगा और बाल्टिक के माध्यम से प्रति वर्ष 110 बिलियन क्यूबिक मीटर तक की गैस पारगामन की मात्रा को दोगुना कर देगा। **अतः विकल्प (b) सही है।**

16. विकास वित्त संस्थानों (DFIs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. DFI केवल अल्पकालिक ऋण प्रदान करते हैं।
2. इन्हें केवल सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा सकता है।
3. DFI प्रायः पर्याप्त सामाजिक लाभों के साथ निवेश को बढ़ावा देने के लिये ब्याज की कम और स्थिर दरों पर उधार देते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** विकास वित्त संस्थान (DFI) मुख्य रूप से विकास और अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं को वित्त प्रदान करने हेतु स्थापित विशिष्ट संस्थान होते हैं जिनका गठन सामान्यतः दीर्घकालिक ऋण प्रदान करने हेतु किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- वित्त मंत्रालय द्वारा अभी तक इस नए विकास वित्तीय संस्थान (DFI) का स्वरूप तय नहीं किया गया है, इस संबंध में दो प्रकार के विकास वित्तीय संस्थान (DFI) गठित किये जा सकते हैं:
  - या तो यह पूर्णतः सरकार के स्वामित्त्व में होगा,
  - या फिर इसे निजी क्षेत्र का स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक सीमित होगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विकास वित्तीय संस्थान (DFI) प्रायः सामाजिक लाभ के साथ लंबी अवधि के निवेश को बढ़ावा देने के लिये ब्याज की कम और स्थिर दरों पर ऋण प्रदान करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

17. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में स्वैच्छिक संगठनों के विदेशी वित्तपोषण को नियंत्रित करता है।
2. इसे NITI Aayog द्वारा लागू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 भारत में विभिन्न स्वयंसेवी

संगठनों जैसेकि- गैर सरकारी संगठनों, संस्थानों, न्यायाधीशों, पत्रकारों, लोक सेवकों आदि को दिये जाने वाले विदेशी योगदान को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह "राष्ट्रीय हित के लिये हानिकारक किसी भी गतिविधि के लिये" विदेशी योगदान की प्राप्ति पर प्रतिबंध लगाता है।
- अधिनियम में यह भी कहा गया है कि सरकार दान प्राप्त करने की अनुमति देने से इनकार भी कर सकती है यदि वह मानती है कि NGO को मिलने वाला दान "सार्वजनिक हित" या "राज्य के आर्थिक हित" को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करेगा।
- इसका क्रियान्वयन गृह मंत्रालय द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

18. वैगन त्रासदी निम्नलिखित में से किस से संबंधित है?

a. कामागाटामारू प्रकरण
b. मोपला विद्रो
c. अलीगढ़ षड्यंत्र
d. काकोरी षड़यंत्र

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** 'भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद' (Indian Council of Historical Research- ICHR) को इसके एक सदस्य द्वारा सौपीं गई रिपोर्ट में 'मालाबार विद्रोह' (मोपला विद्रोह) के नेताओं के नाम 'शहीदों की सूची' से हटाने की सिफारिश की है। ICHR की यह रिपोर्ट, दक्षिण भारत से स्वतंत्रता संग्राम के शामिल नेता जिनको 'शहीद के रूप में' शामिल किया गया है, की समीक्षा के संबंधित थी। रिपोर्ट में अली मुसलीयर, वरियामकुननाथ कुंजाहम्मद हाजी सहित 387 मोपला विद्रोहियों (जिसमें लगभग 10 हिंदू भी शामिल हैं) तथा 'वैगन त्रासदी' में शहीद नेताओं के नाम 'शहीदों की सूची' से हटाने की मांग की गई थी।

- वैगन त्रासदी ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीयों के खिलाफ अपनाई गई दमनकारी घटनाओं में से एक प्रमुख घटना थी। इस त्रासदी में लगभग 60 मोपला कैदियों को एक बंद रेल के मालवाहक डिब्बे/वैगन में मौत के घाट उतार दिया गया था। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- ICHR की रिपोर्ट के अनुसार 'वैगन ट्रैजडी' में जिनकी मृत्यु हुई वे भारत के स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, क्योंकि विद्रोहियों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम या असहयोग आंदोलन पूर्ण का समर्थन नहीं किया गया था, अपितु एक संक्षिप्त अवधि के लिये केवल खिलाफत आंदोलन को समर्थन दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, अंग्रेजों द्वारा उचित परीक्षण के बाद ही विद्रोहियों को दोषी ठहराया गया तथा इन मृतकों को कहीं और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी।

19. मूल संरचना सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह प्रसिद्ध मेनका गांधी मामले में प्रस्तावित था।
2. संविधान के भाग III में मूल संरचना सिद्धांत का उल्लेख किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनो
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** 'केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य' वाद (1973) में दिये गए निर्णय को सर्वोच्च

न्यायालय के सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों में से एक माना जाता है क्योंकि इसके माध्यम से भारतीय संविधान की उस 'मूल संरचना' को निर्धारित किया गया, जिसे संसद द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- मूल संरचना सिद्धांत का उल्लेख भारतीय संविधान में नहीं किया गया था बल्कि यह न्यायिक हस्तक्षेप था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य लोगों के मूल अधिकारों और संविधान के आदर्शों एवं दर्शन की रक्षा करना है।

20. हरिकेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. हरिकेन समशीतोष्ण चक्रवात होते हैं।
2. इनकी उत्पत्ति सामान्यतः गर्म समुद्री जल में होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** हरिकेन एक प्रकार उष्णकटिबंधीय चक्रवात हैं जिनकी उत्पत्ति उष्णकटिबंधीय कटिबंधीय अथवा उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के महासागरों पर होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- वे भूमध्य रेखा के पास आमतौर पर भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण में 5 तथा15 अंश अक्षांश के बीच गर्म जल के ऊपर बनते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

21. हाल ही में समाचारों में रही यानोमामी जनजाति का संबंध निम्नलिखित में से किस भौगोलिक क्षेत्र से है?

a. अमेज़न वन
b. नगा पहाड़ियाँ
c. पापुआ न्यू गिनी
d. फ़ॉकलैंड आइलैंड

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में दक्षिण अमेरिका (South America) की योनोमामी जनजाति (Yanomami Tribe) ने कोरोनोवायरस महामारी के बीच अपनी भूमि से 20,000 स्वर्ण खनिकों को बाहर निकालने के लिये एक वैश्विक अभियान शुरू किया है।

- यानोमामी दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन की लोकप्रिय जनजातियों में से एक है। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- वर्तमान में इस जनजाति की संख्या लगभग 38,000 है जो ब्राज़ील के लगभग 9.6 मिलियन हेक्टेयर और वेनेज़ुएला के 8.2 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र पर निवास करते हैं।
- ये लोग एक्सिरिआना (Xirianá) भाषा बोलते हैं।
- गुआरानी (Guarani), कैंगंग (Kaingang), पैटाक्सो (Pataxo), एचए एचए एचई (Ha Ha Hae), तुपिनाम्बा (Tupinamba), तिकुना (Tikuna) और अकुंट्सू (Akuntsu) दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन की अन्य लोकप्रिय जनजातियाँ हैं।

22. भारत वन स्थिति रिपोर्ट (2019) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षेत्रफल के आधार पर अरुणाचल प्रदेश में सर्वाधिक वन क्षेत्र है।
2. कर्नाटक ने वन आवरण में सर्वाधिक वृद्धि प्रदर्शित की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन एक संगठन भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा जारी की गई है।

- वर्ष 1987 से भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट को द्विवार्षिक रूप से 'भारतीय वन सर्वेक्षण' द्वारा प्रकाशित किया जाता है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 के अनुसार-
    - **भारत में सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाले राज्य:** मध्य प्रदेश> अरुणाचल प्रदेश> छत्तीसगढ़> ओडिशा> महाराष्ट्र। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - **सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाले राज्य:** मिज़ोरम (85.41%)> अरुणाचल प्रदेश (79.63%)> मेघालय (76.33%)> मणिपुर (75.46%)> नगालैंड (75.41%)।
    - **वनावरण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाने वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश:** कर्नाटक>आंध्र प्रदेश> केरल>जम्मू-कश्मीर> हिमाचल प्रदेश। **अतः कथन 2 सही है।**

23. हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन वाहन (HSTDV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह एक मानवरहित रैमजेट प्रदर्शन विमान है जो हाइपरसोनिक गति से यात्रा कर सकता है।
    2. भारत इस तकनीक को विकसित करने वाला एकमात्र देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 'हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल' (HSTDV) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

- HSTDV एक मानव रहित स्क्रैमजेट प्रमाणित विमान है जो हाइपरसोनिक गति से यात्रा कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसमें 'हाइपरसोनिक एयर-ब्रीदिंग स्क्रैमजेट' (Hypersonic Air-breathing Scramjet) तकनीक का उपयोग किया गया है।
    - यह विमान ध्वनि की गति से 6 गुना अर्थात् मैक-6 के वेग से अपने इच्छित उड़ान पथ पर यात्रा कर सकता है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस तकनीक को विकसित करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है।
    - चीन ने वर्ष 2018 में अपने पहले 'वेवराइडर हाइपरसोनिक फ्लाइट व्हीकल' (Waverider Hypersonic Flight Vehicle) का सफल परीक्षण किया था।

24. 'किरण हेल्पलाइन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसका उद्देश्य लोगों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सहायता प्रदान करना है।
    2. इसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास हेतु 'किरण' हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य प्राथमिक जाँच, प्राथमिक चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक सहायता, तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी, विचलित व्यवहार के रोकथाम और मनोवैज्ञानिक क्षेत्र में संकट प्रबंधन को उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- शिक्षा मंत्रालय ने COVID-19 के मद्देनज़र छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिये मनोदर्पण (MANODARPAN) पहल की शुरुआत की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

25. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    1. यह पुरस्कार इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा द्विवार्षिक रूप से दिया जाता है।
    2. यह पुरस्कार केवल भारतीय नागरिकों को दिया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** शांति, निशस्त्रीकरण एवं विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार, पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर दिया जाने वाला एक वार्षिक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। यह पुरस्कार वर्ष 1986 से प्रत्येक वर्ष इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट (Indira Gandhi Memorial Trust) द्वारा प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- इस पुरस्कार के रूप में एक प्रशस्ति पत्र एवं 25 लाख रुपए प्रदान किये जाते हैं।
- यह पुरस्कार व्यक्तियों/संगठनों द्वारा किये गए निम्नलिखित रचनात्मक प्रयासों के लिये प्रदान किया जाता है:
    - नए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक क्रम का सृजन करना (Creating new international economic order)
    - वैश्विक शांति एवं विकास को बढ़ावा देना (Promoting international peace & development)
    - यह सुनिश्चित करना कि वैज्ञानिक खोजों का उपयोग मानवता के लिये किया जाए और स्वतंत्रता के दायरे को बढ़ाना।
- पुरस्कार के विजेताओं का चयन राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय नामांकितों के पूल से किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

26. दिवाला और दिवालियापन संहिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संहिता में कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिये दिवालियेपन के समाधान हेतु एक समयबद्ध प्रक्रिया का प्रावधान है।
    2. इस प्रक्रिया में लेनदारों की समिति (CoC) पुनर्भुगतान योजना सहित वाणिज्यिक मुद्दों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**a.** केवल 1
**b.** केवल 2
**c.** 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (Insolvency and Bankruptcy Code, 2016) को भारत के आर्थिक इतिहास में सबसे बड़े दिवालिया सुधारों में से एक माना जाता है।

- इसे कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों और व्यक्तियों के दिवालियापन के समयबद्ध निपटान और संपत्ति के मूल्य के अधिकतमकरण को सुनिश्चित करने के लिये अधिनियमित किया गया था।
    - इस प्रकार संहिता में कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिये दिवालियेपन के समाधान हेतु एक समयबद्ध प्रक्रिया का प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एस्सार स्टील के दिवालियापन के मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पुनर्भुगतान (IBC के अंतर्गत परिसंपत्तियों के परिसमापन की स्थिति में) में परिचालन लेनदारों पर वित्तीय लेनदारों की प्राथमिकता को बनाए रखा।
- इसमें यह भी कहा गया कि दिवालियेपन समाधान की प्रक्रिया में में पुनर्भुगतान योजना सहित वाणिज्यिक मुद्दों पर निर्णय लेने के लिये लेनदारों की समिति (Committee of Creditors- CoC) सर्वोच्च निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - चूँकि CoC कंपनियों के ऋणदाताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, इसलिये बुरे ऋण की स्थिति में इसके हितों को उच्च प्राथमिकता होगी।

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. वैधानिक तरलता अनुपात बैंकों की कुल जमा राशि का वह प्रतिशत है जो उन्हें तरल नकद के रूप में RBI के पास रखना होता है।
    2. सीमांत स्थायी सुविधा बैंकों के लिये आपातकालीन स्थिति में भारतीय रिज़र्व बैंक से उधार लेने की व्यवस्था है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- **नकद आरक्षित अनुपात:** CRR तरल नकदी की राशि है जो बैंकों को अपनी कुल जमा (निवल मांग और आवधिक देयताओं) के प्रतिशत के रूप में RBI के पास रखना होता है।
    - वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio) निवल जमा का वह न्यूनतम प्रतिशत है जो एक वाणिज्यिक बैंक को तरल परिसम्पतियों- नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **सीमांत स्थायी सुविधा** (Marginal standing facility-MSF)- यह अंतर-बैंक तरलता (interbank Liquidity) के समाप्त हो जाने पर आपातकालीन स्थिति में बैंकों के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) से उधार लेने की व्यवस्था है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - MSF के अंतर्गत बैंक अपने वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) का उपयोग करके एक दिन के लिये RBI से उधार ले सकते हैं।

- RBI ने कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र नकद आरक्षित अनुपात (CRR) के दैनिक रख-रखाव की न्यूनतम सीमा में छूट और सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility-MSF) के अंतर्गत उधार लेने की सीमा को अगले तीन माह के लिये बढ़ा दिया है।

28. ग़रीब कल्याण रोज़गार अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. अभियान का उद्देश्य उन प्रवासी श्रमिकों के लिये आजीविका के अवसर सुनिश्चित करना है जो कोविड-19 महामारी के कारण अपने गाँवों में लौट आए हैं।
    2. इसका उद्देश्य गाँवों में सड़कें, आवास, आँगनवाड़ियों और सामुदायिक परिसरों जैसी सार्वजनिक अवसंरचनाओं का निर्माण करना है।
    3. इसे राज्य सरकारों के सहयोग से नीति आयोग द्वारा लागू किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

**a.** केवल 1 और 3
**b.** केवल 1 और 2
**c.** केवल 2 और 3
**d.** 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** गरीब कल्याण रोज़गार अभियान (Garib Kalyan Rojgar Abhiyaan) का उद्देश्य उन प्रवासी श्रमिकों को आजीविका के अवसर प्रदान करना है जो कोविड-19 महामारी के कारण अपने गाँवों में लौट आए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसका उद्देश्य गाँवों में सड़कें, आवास, आँगनवाड़ियों और सामुदायिक परिसरों जैसी सार्वजनिक अवसंरचनाओं का निर्माण करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अभियान छह राज्यों के 116 ज़िलों में संचालित किया जा रहा है। ये राज्य हैं- बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और ओडिशा।
- इसे सड़क परिवहन और राजमार्ग, खदान, पर्यावरण, रेलवे, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, दूरसंचार एवं कृषि सहित केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों द्वारा लागू किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

29. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. MSMEs को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।
    2. सूक्ष्म उद्यम उन उद्योगों को संदर्भित करता है जहाँ निवेश 1 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है और कारोबार 5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**a.** केवल 1
**b.** केवल 2
**c.** 1 और 2 दोनों
**d.** न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (Micro, Small and Medium Enterprises- MSME) को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 (Medium Enterprises Development Act, 2006) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

- हाल ही में केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिये नए मानदंड अधिसूचित किये हैं, जो निम्नलिखित हैं:

- **सूक्ष्म उद्यम-** जहाँ संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश एक करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है और कारोबार पाँच करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **लघु उद्यम-** जहाँ संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश दस करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है और कारोबार पचास करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है।

**मध्यम उद्यम-** जहाँ संयंत्र और मशीनरी या उपकरण में निवेश पचास करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है और कारोबार दो सौ पचास करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है।

30. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत CSR संबंधित प्रावधान उल्लिखित है।
   2. इन निधियों को कुछ निर्धारित गतिविधियों जैसे शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये खर्च किया जाना चाहिये।
   3. इसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के पूर्व सैनिकों तथा उनकी विधवाओं के कल्याण हेतु योगदान भी शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही है/हैं?

**a.** केवल 1 और 3
**b.** केवल 1 और 2
**c.** केवल 2 और 3
**d.** 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक निर्दिष्ट सीमा से अधिक लाभ, निवल संपदा या वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अर्जित औसत निवल लाभ का 2% कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों पर खर्च करना होगा। **अतः कथन 1 सही है।**

- इस धन राशि को कुछ निर्धारित गतिविधियों जैसे शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये खर्च किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- हाल ही में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इस सूची में अतिरिक्त मदों को शामिल किया है। इसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के पूर्व सैनिकों तथा विधवा सहित उनके आश्रितों के कल्याण हेतु योगदान भी शामिल किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

31. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. NSIL इसरो की वाणिज्यिक शाखा है जो इसरो की लघु उपग्रह प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण हेतु उत्तरदायी है।
   2. NSIL विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**a.** केवल 1
**b.** केवल 2
**c.** 1 और 2 दोनों
**d.** न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (New Space India Ltd- NSIL) **अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत** एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- NSIL इसरो की वाणिज्यिक शाखा है, जो इसरो की लघु उपग्रह प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण के लिये उत्तरदायी है। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्रक्षेपण वाहन, उपग्रह उत्पादन, प्रक्षेपण सेवाओं और अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं के क्षेत्र में ISRO की वर्तमान गतिविधियों का दायित्व NSILको दिया गया है।
- यह उद्योग संघों के माध्यम से इन गतिविधियों को क्रियान्वित करेगा। इससे इसरो को अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिये अधिक समय और संसाधन उपलब्ध रहेंगे।

32. निम्नलिखित में से किस बीमारी/न्यूनता के निदान हेतु **'इशिहारा परीक्षण'** का उपयोग किया जाता है?

a. कोविड -19
b. वर्णांधता
c. हीमोफीलिया
d. सिकल सेल एनीमिया

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या: वर्ष 1917 में डॉ. शिनोबु इशिहारा** (Dr Shinobu Ishihara) ने **वर्णांधता** (Color Blindness) की जाँच के लिये सबसे उत्तम पद्धति का विकास किया।

- इनमें से प्रत्येक परीक्षण में एक रंगीन बिंदीदार प्लेटों का एक सेट होता है, जिनमें से प्रत्येक प्लेट में कोई नंबर या विशेष रास्ता होता है। तब से यह व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला वर्णांधता परीक्षण है और अभी भी विश्व भर के अधिकांश नेत्रदृष्टि परीक्षकों और नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है।
- हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) ने केंद्रीय मोटर वाहन (पाँचवां संशोधन) नियम, 2020 (Central Motor Vehicles (Fifth Amendment) Rules, 2020) अधिसूचित किया जो हल्के से मध्यम स्तर की वर्णांधता से प्रभावित लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस देने की अनुमति देता है।

33. पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. EIA में निर्णय लेने से पहले एक परियोजना के पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की पहचान की जाती है।
2. EIA को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 द्वारा वैधानिक आधार दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**a.** केवल 1
**b.** केवल 2
**c.** 1 और 2 दोनों
**d.** न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (Environmental Impact Assessment-EIA) को एक उपकरण के रूप में परिभाषित करता है जिसका उपयोग निर्णय लेने से पहले एक परियोजना के पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की पहचान करने के लिये किया जाता है।

- इसका उद्देश्य परियोजना नियोजन और डिज़ाइन के प्रारंभिक चरण में ही पर्यावरणीय प्रभावों का पूर्वानुमान लगाना, प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के तरीकों और साधनों का पता लगाना, स्थानीय पर्यावरण के अनुरूप परियोजनाओं को आकार देना और निर्णयकर्त्ताओं के लिये पूर्वानुमान और विकल्पों को प्रस्तुत करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 द्वारा वैधानिक आधार दिया गया है जिसमें EIA पद्धति और प्रक्रिया संबंधी विभिन्न प्रावधान हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

34. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अर्थोपाय अग्रिम (Ways and Means Advances-WMA) के संदर्भ में सही **नहीं** है?

a. ये भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों को उनकी आसन्न व्यय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु दिये गए अल्पकालिक ऋण हैं।

b. संबद्ध सरकार को WMA से धनराशि प्राप्त होने की तिथि से एक वर्ष के भीतर पुनर्भुगतान करना होता है।

c. WMA की सीमा भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार द्वारा पारस्परिक रूप से तय की जाती हैं और इसमें आवधिक संशोधन किया जाता है।

d. WMA के माध्यम से प्राप्त की जा सकने वाली धनराशि की प्रत्येक राज्य के लिये सीमा तय की गई है।

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** अर्थोपाय अग्रिम (Ways and Means Advances-WMA) भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India-RBI) द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों को उनकी आसन्न व्यय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु प्रदान किये गए अल्पकालिक ऋण हैं। **अतः कथन (a) सही है।**

  - सरकार की प्राप्तियों और भुगतान में अस्थायी असंतुलन को पूरा करने के लिये 1 अप्रैल, 1997 में WMA की शुरुआत की गई थी।

- WMA की सीमा भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार द्वारा पारस्परिक रूप से निर्धारित की जाती है और इसमें आवधिक संशोधन किया जाता है। **अतः कथन (c) सही है।**
- WMA के अंतर्गत प्राप्त की जाने वाली धनराशि के लिये राज्य-वार सीमा तय की गई है। ये सीमाएँ कई कारकों पर निर्भर करती हैं, जिनमें राज्य का कुल व्यय, राजस्व घाटा और राजकोषीय स्थिति शामिल हैं। **अतः कथन (d) सही है।**
- WMA के अंतर्गत अग्रिम प्राप्ति की तिथि से तीन महीने (90 दिन) के भीतर पुनर्भुगतान करने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन (b) सही नहीं है।**
  - यदि WMA तीन महीने से अधिक हो जाता है तो इसे ओवरड्राफ्ट माना जाता है।
- हाल ही में, WMA की सीमा अर्थात् सरकार किस सीमा तक ऋण ले सकती हैं, को अप्रैल-सितंबर 2020 की अवधि के लिये बढ़ा दिया गया है।
  - इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों को COVID-19 से संबंधित एवं अन्य व्यय के लिये अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराना है।

35. भारत में संशोधित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संशोधित नीति पड़ोसी देशों के नागरिक को स्वचालित मार्ग के माध्यम से भारत में निवेश करने की अनुमति देती है।
2. इसका उद्देश्य Covid-19 महामारी के प्रसार से उत्पन्न स्थिति के कारण भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** संशोधित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign Direct Investment- FDI) नीति के अनुसार, ऐसे सभी विदेशी निवेश के लिये सरकार की अनुमति की आवश्यकता होगी जिनमें निवेश करने वाली संस्थाएँ या निवेश से लाभ प्राप्त करने वाला व्यक्ति भारत के साथ थल सीमा साझा करने वाले देशों से हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- मौजूदा या आगामी FDI को ऐसे देशों से संस्थाओं या व्यक्तियों को स्थानांतरित करने के लिये भी अनुमति की आवश्यकता होगी।

- संशोधित नीति का उद्देश्य Covid-19 महामारी के प्रसार से उत्पन्न भारतीय कंपनियों के **अवसरवादी अधिग्रहण (Opportunistic Takeovers/Acquisitions)** की स्थिति को रोकना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्वचालित मार्ग के अंतर्गत विदेशी निवेशक को FDI के लिये कोई अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है, जबकि सरकारी मार्ग के अंतर्गत सरकार की स्वीकृति अनिवार्य है।

36. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निम्नलिखित में से कौन से कार्य किये जाते हैं:
   1. बाज़ार में तरलता का विस्तार करना
   2. ऋण चुकाने के लिये उधारकर्त्ताओं को राहत देना
   3. नीतिगत दर में कटौती
   4. कर की दरों को कम करना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 1, 2 और 4
c. केवल 2, 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) भारत का केंद्रीय बैंक है। RBI मौद्रिक नीति को जारी करने से लेकर मुद्रा जारी करने तक कई कार्यों को संभालता है।
- मौद्रिक नीति के अंतर्गत कुछ प्रमुख कार्य निम्नलिखित हो सकते हैं:
  - बाज़ार में तरलता का विस्तार करना
  - ऋण चुकाने के लिये उधारकर्त्ताओं को राहत देना
  - नीतिगत दर (Policy Rate) में कटौती
- अपने तरलता समायोजन सुविधा (Liquidity Adjustment Facility) उपकरणों के माध्यम से RBI इन्हें संपादित करता है।
- हालाँकि राजकोषीय नीतियों के माध्यम से कर की दरों को कम करना केंद्र सरकार का कार्य है, न कि RBI का है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

37. जल जीवन मिशन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका उद्देश्य वर्ष 2024 तक भारत के सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।
   2. यह जल हेतु सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसके प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार भी शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक **ग्रामीण भारत के सभी घरों में** व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- यह स्थानीय स्तर पर पानी की एकीकृत मांग और आपूर्ति-पक्ष प्रबंधन पर केंद्रित है।
    - स्रोत संधारणीयता उपायों के लिये स्थानीय बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये अनिवार्य तत्त्वों के रूप में वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और पुन:उपयोग के लिये घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन का अन्य सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के साथ अभिसरण किया जाएगा।
    - जल जीवन मिशन पानी के लिये एक सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (Information, Education and Communication-IEC) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- जल शक्ति मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत डेटा अपडेशन की समय सीमा बढ़ा दी है।
    - डेटा के अपडेशन में देरी से कार्यक्रम के अंतर्गत नियोजन प्रक्रिया प्रभावित हुई है।
    - इससे कार्यक्रम के अंतर्गत धनराशि का नुकसान हो सकता है।

38. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के संबंध में सही है/हैं?
    1. अध्यादेश केंद्रीय परिषद के अधिक्रमण (Supersession) के लिये वर्ष 1970 के मूल अधिनियम में संशोधन करता है।
    2. सभी मामलों पर केंद्र सरकार के निर्देश नई केंद्रीय परिषद पर बाध्यकारी होंगें।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद (संशोधन) अध्यादेश, 2020 भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 में संशोधन करता है।

- 1970 का अधिनियम एक केंद्रीय परिषद के गठन का प्रावधान करता है जो भारतीय चिकित्सा प्रणाली (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा) के शिक्षण और कार्यों को नियंत्रित करता है।
- अध्यादेश केंद्रीय परिषद के अधिक्रमण (Supersession) का प्रावधान करता है। केंद्रीय परिषद को अधिक्रमण की तारीख से एक वर्ष के भीतर पुनर्गठित किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
    - अंतरिम अवधि में केंद्र सरकार एक बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन करेगी जो केंद्रीय परिषद की शक्तियों का प्रयोग करेगा।
- बोर्ड और केंद्रीय परिषद (इसके पुनर्गठन के बाद) पर **तकनीकी और**

**प्रशासनिक मामलों के अलावा**, नीतिगत मामलों से संबंधित सवालों पर केंद्र सरकार के निर्देश बाध्यकारी होंगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

39. सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियम, 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके अंतर्गत तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग में 60% भाग पर चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी को शामिल करने का प्रावधान किया गया है।
2. तंबाकू युक्त पैकेजों पर पाठ्य संदेश के रूप में "तंबाकू से कैंसर होता है' (Tobacco Causes Cancer) की चेतावनी देना भी अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare) ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियम, 2020 अधिसूचित किये है।

- ये नियम सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियम, 2008 में संशोधन करते हैं।

- 2008 के नियमों के तहत तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग में पैकेजिंग के दृश्य-क्षेत्र के 60% भाग पर एक चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी को शामिल करना अनिवार्य है।
  - 2020 के नियम दृश्य-क्षेत्र पर चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी के प्रतिशत वाले निर्देश को समाप्त करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा दी गई छवियाँ चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनियों के रूप में प्रयोग की जानी चाहिये। 2020 के नियमों में इस संबंध में परिवर्तन किया गया है कि किन छवियों को तंबाकू के लिये चित्र स्वास्थ्य चेतावनी के रूप में उपयोग किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 2008 के नियमों में तंबाकू युक्त पैकेजों पर कुछ पाठ्य संदेशों के रूप में कुछ चेतावनियों को प्रदर्शित करने की अपेक्षा थी, जैसे कि 'तंबाकू कैंसर का कारण है' और 'तंबाकू दर्दनाक मौत का कारण बनता है।'
  - 2020 के नियम पैकेजिंग पर 'तंबाकू से कैंसर होता है' की चेतावनी की लेबलिंग की आवश्यकता को समाप्त करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

40. राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (NIP) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. NIP का उद्देश्य 2019-25 की अवधि के लिये अवसंरचना में 100 लाख करोड़ रुपए के निवेश हेतु योजना को संचालित करने के लिये परियोजनाओं को तैयार करना है।
2. ऊर्जा क्षेत्र में निवेश अन्य क्षेत्रों में से सबसे अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (National Infrastructure Pipeline- NIP)

अवसंरचना परियोजना पर एक अग्रगामी दृष्टिकोण (Forward Outlook) को सक्षम बनाएगा, जिससे रोजगार सृजन होगा, जीवनयापन में सुगमता आयेगी और सभी के लिये अवसंरचना को समान रूप से उपलब्ध कराया जाएगा जिससे विकास और अधिक समावेशी होगा।

- NIP का उद्देश्य अगले पांच वर्षों (2019-2025) में अवसंरचना में 100 लाख करोड़ रुपये के निवेश हेतु पर्याप्त रूप से योजनाओ को संचालित करने हेतु परियोजनाओं को तैयार करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NIP में अवसंरचना परियोजनाओं में 70% निवेश चार क्षेत्रों में किया जाएगा-
    - ऊर्जा (24%), सड़कें (18%), शहरी अवसंरचना (17%), और रेलवे (12%)।
    - NIP में परियोजनाओं के लिये अन्य मुख्य क्षेत्रों में सिंचाई (8%) और ग्रामीण अवसंरचना (7%) शामिल हैं। इस प्रकार अन्य सभी क्षेत्रों की अपेक्षा में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश सबसे अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**

41. औद्योगिक संबंध संहिता, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    1. संहिता वर्तमान में मौजूदा श्रम कानूनों का स्थान लेती है।
    2. इसमें ट्रेड यूनियनों को मान्यता और औद्योगिक विवादों के समाधान के प्रावधान शामिल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** औद्योगिक संबंध संहिता, 2019 (Industrial Relations Code, 2019) को लोकसभा में पेश किया गया था और दिसंबर, 2019 में श्रम संबंधी स्थायी समिति को संदर्भित किया गया था।

- हाल ही में श्रम और रोजगार संबंधी स्थायी समिति ने औद्योगिक संबंध संहिता, 2019 पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- औद्योगिक संबंध संहिता मौजूदा तीन अधिनियमों- ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926, औद्योगिक रोज़गार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 का स्थान लेती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस संहिता में ट्रेड यूनियनों की मान्यता, स्थायी आदेशों का प्रमाणन और औद्योगिक विवादों के समाधान करने संबंधी प्रावधान है। **अतः कथन 2 सही है।**

42. प्रोड्यूस फंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत सरकार द्वारा नाबार्ड के तहत इस कोष का गठन किया गया।
    2. इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की ऋण योग्यता को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** देश में किसान उत्पादक संगठनों (Farmer Producer Organizations- FPO) के निर्माण के लिये नाबार्ड में भारत सरकार द्वारा 'प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन डेवलपमेंट एंड

अपलिफ्टमेंट कॉर्पस' (PRODUC+E) फंड बनाया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्रोडक्शन फंड का उद्देश्य नए FPOs को बढ़ावा देना और किसानों को व्यावसायिक रूप से जीवंत एवंस्थायी व्यवसाय उद्यमों को योग्य बनाने के लिये उन्हें प्रारंभिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

43. बसुधा योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई थी।
    2. इसका उद्देश्य आवारा गायों को आश्रय देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** बसुधा योजना (Basudha scheme) वर्ष 2018 में ओडिशा सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण लोगों को पीने और घरेलू उद्देश्यों के लिये स्थायी आधार पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित पानी उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- हाल ही में ओडिशा राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में बसुधा योजना के लिये 1,000 करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

44. टीकाकरण के लिये मिशन इन्द्रधनुष के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारियाँ शामिल हैं?
    1. डिप्थीरिया
    2. पोलियो
    3. काली खांसी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** मिशन इन्द्रधनुष का उद्देश्य ऐसे बच्चों को प्रतिरक्षित करना है जिनका सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (Universal Immunization Programme- UPI) के अंतर्गत या तो आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ हैं या हो ही नहीं पाया हैं।

- इस कार्यक्रम का लक्ष्य 2 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिलाओं तक पहुँचना है।

इस अभियान के अंतर्गत 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ (Vaccine-Preventable Diseases-VPD) हेतु टीकाकरण उपलब्ध कराया गया है जैसे- डिप्थीरिया (Diphtheria), काली खांसी (Whooping cough), टेटनस (Tetanus), पोलियो (Polio), तपेदिक (Tuberculosis), हेपेटाइटिस बी (Hepatitis B), मेनिनजाइटिस (Meningitis) और निमोनिया (Pneumonia), हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी संक्रमण (Hemophilus influenza type B infections), जापानी एन्सेफलाइटिस (Japanese Encephalitis), रोटावायरस वैक्सीन (Rotavirus Vaccine), न्यूमोकोकल संयुग्म टीका (Pneumococcal Conjugate Vaccine- PCV) और खसरा-रुबेला (Measles-Rubella Vaccine)I **अतः विकल्प (d) सही है।**

45. स्मार्ट सिटीज़ मिशन में निम्नलिखित में से कौन-से मुलभुत बुनियादी ढाँचे के तत्त्व शामिल हैं?
    1. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
    2. सुनिश्चित विद्युत आपूर्ति

3. किफायती आवास

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने वर्ष 2015 में स्मार्ट सिटीज़ मिशन की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य स्थायी और समावेशी शहरों को बढ़ावा देना है ताकि लोगों को आधारभूत बुनियादी ढाँचा एवं बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण जीवनयापन के लिये आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें।
- स्मार्ट सिटी के कुछ मूलभूत बुनियादी ढाँचे के घटकों में पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति, विद्युत् आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित स्वच्छता, कुशल शहरी यातायात और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, किफायती आवास, विशेष रूप से गरीबों के लिये सशक्त आई.टी. कनेक्टिविटी एवं डिजिटलाइजेशन, सुशासन, विशेष रूप से ई-गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी, स्थायी पर्यावरण, नागरिकों विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा एवं संरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा शामिल हैं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयुष्मान भारत योजना को सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन की लागत पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वहन की जा रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** आयुष्मान भारत, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage-UHC) के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (National Health Policy 2017) द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर लागू किया गया था। यह पहल सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDG) और इनके अंतर्गत रेंखांकित प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिये तैयार की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY) आयुष्मान भारत के अंतर्गत एक स्वास्थ्य आश्वासन योजना है। इस योजना का उद्देश्य गरीब और कमज़ोर परिवारों के लिये अस्पताल में भर्ती होने संबंधी माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिये प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है, इसमें तकरीबन 40% आबादी को शामिल किया गया हैं।
    - PM-JAY पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्त पोषित है और कार्यान्वयन की लागत को केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच साझा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

47. स्वामित्व योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

a. इसका उद्देश्य सीमांत किसानों को बंटाईदारी अधिकारों की गारंटी देना है।

b. इसका उद्देश्य प्रत्येक फार्म हाउस को स्वतंत्र बनाना है।
c. इसका उद्देश्य नवीनतम सर्वेक्षण विधियों का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों की भूमि का नक्शा तैयार करना है।
d. इसका उद्देश्य हाशिए पर खड़ें कारीगरों को पेटेंट अधिकार प्रदान करना है।

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** 24 अप्रैल, 2020 को पंचायती दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश की ग्राम पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई। इसके तहत नवीन सर्वेक्षण पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की रिहायशी इमारतों, मकान आदि का लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का रिकॉर्ड बनाना तथा मालिकाना हक तय करना है।

- इस योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राज्यों के पंचायती राज विभाग, राज्य राजस्व विभाग, तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग में चलाया जाएगा। इसके तहत गाँव की सीमा के भीतर आने वाली प्रत्येक संपत्ति का डिजिटल रूप से नक्शे बनाया जाएगा तथा प्रत्येक राजस्व खंड की सीमा का निर्धारण किया जाएगा। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- लाभ: गांवों तथा ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को आधार प्रदान करने में सहायता प्राप्त होगी। संपत्ति कर के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आमदनी के एक स्थायी स्रोत तथा स्थानीय व्यवस्था के लिये अतिरिक्त संसाधनों का प्रबंध किया जाएगा। एकीकृत संपत्ति सत्यापन व्यवस्था के माध्यम से संपत्ति से जुड़े विवाद को निपटाने में मदद मिलेगी। प्राप्त आधिकारिक प्रमाण पत्र के माध्यम से संपत्ति मालिक अपनी संपत्ति पर बैंक ऋण तथा संपत्ति से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ उठा सकेगें। वर्तमान ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि पर बने मकानों तथा जोत के वास्तविक आकार के संदर्भ में उपलब्ध आँकड़ों में स्पष्टता की भारी कमी है, इस योजना के माध्यम से कृषि जोत के आकार से जुड़े आँकड़ों को मज़बूत बनाने में सहायता मिलेगी।

48. ई-संजीवनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह एक वेब-आधारित व्यापक टेलीमेडिसिन नेटवर्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** ई-संजीवनी एक वेब-आधारित व्यापक टेलीमेडिसिन नेटवर्क है। ई-संजीवनी ग्रामीण क्षेत्रों और अपेक्षित समुदायों में विशेष स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को सुनिश्चित करती है। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के अलावा, असमान वितरण और बुनियादी ढाँचे की कमी के साथ-साथ मानव संसाधनों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करते हुए ई-संजीवनी का उद्देश्य शहरी बनाम ग्रामीण, अमीर बनाम गरीब आदि के बीच मौजूद डिजिटल विभाजन को समाप्त करके स्वास्थ्य सेवाओं को न्यायसंगत बनाना है। **अतः कथन 2 सही है।**

- ई-संजीवनी को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Communications and Information Technology) द्वारा शुरू किया गया

था। यह ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन नेटवर्क की आवश्यकता को पूरा करता है। ई-संजीवनी भारतीय क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

49. मानव विकास सूचकांक के मापन में निम्नलिखित में से किसे शामिल किया जाता है?

1. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
2. स्कूली शिक्षा के वर्ष
3. किसी देश का सकल विकास सूचकांक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** मानव विकास सूचकांक ((Human Development Index- HDI) का निर्माण इस बात पर बल देने के लिये किया गया था कि लोग और उनकी क्षमताएँ सिर्फ आर्थिक विकास के लिये नहीं बल्कि देश के विकास का आकलन करने के लिये अंतिम मानदंड होने चाहिये।

- HDI मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों (लंबा एवं स्वस्थ जीवन, ज्ञान तक पहुँच तथा जीवन जीने का एक सभ्य स्तर) द्वारा प्रगति का आकलन करने का एक वैश्विक मानक है। HDI तीन आयामों में से प्रत्येक के लिये सामान्यीकृत सूचकांकों का ज्यामितीय माध्य है।
- इसे प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा जारी किया जाता है।
- सूचकांक की गणना 3 प्रमुख संकेतकों- जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (न कि GDP) के अंतर्गत की जाती है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

50. सिख धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सिख कीर्तन में भारतीय शास्त्रीय संगीत के राग और ताल में दिये गए हैं।
2. गुरु ग्रंथ साहिब में शास्त्रीय संगीत के रागों की स्वरलिपि को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर (c)**

व्याख्या:

- सिख धर्म शायद एकमात्र ऐसा धर्म है जो संगीत को अपनी मुख्य पूजा पद्धति के रूप में उपयोग करता है, जहाँ शास्त्रीय संगीत में रचित गुरूओं की काव्य-शिक्षाएँ प्रार्थना और भेंट के रूप में उपयोग की जाती हैं।
- विभिन्न शैलियों का उपयोग करते हुए सिख कीर्तन भारतीय शास्त्रीय संगीत के राग और ताल में प्रतिपादन किया जाता है। इस संगीत को औपचारिक पूजा के लिये एक प्रत्यक्ष साधन के रूप में उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गुरू ग्रंथ साहिब में शास्त्रीय संगीत के इकत्तीस रागों की स्वरलिपि को अपेक्षित विवरणों के साथ दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

51. प्रबंध-गान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रबंध-गान केवल उत्तर भारत में लोकप्रिय थे।

2. इसने धीरे-धीरे हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत के आविर्भाव को प्रभावित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

व्याख्या: **भारत के दक्षिणी भाग में एक लोकप्रिय प्रदर्शन शैली प्रबंध-गान 11वीं से 16वीं शताब्दी के बीच विद्यमान थी।** अतः कथन 1 सही नहीं है।

- प्रबंध शब्द, एक भाँति परिभाषित रचना को दर्शाता है। यह कहा जाता है कि प्रत्येक प्रबंध विस्तृत था और इसमें पारंगता प्राप्त करने में कई वर्षों का समय लगता था।
- यह प्रबंध परंपरा थी जिसने धीरे-धीरे दो संबद्ध विशिष्ट शास्त्रीय संगीत की शैलियों के आविर्भाव को प्रभावित किया, जिन्हें अब हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

52. हिंदुस्तानी संगीत की ख्याल शैली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खयाल शैली ध्रुपद संगीत की एक शाखा है।
2. यह शैली दिल्ली में लोधी वंश के शासनकाल के दौरान विकसित हुई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

व्याख्या: **हिंदुस्तानी संगीत की खयाल शैली का विकास 17वीं शताब्दी ई.पू. के लगभग माना जाता है। ऐतिहासिक रूप से इसकी लोकप्रियता मुगल साम्राज्य के पतन और हिंदी साहित्य की रीति (रूमानी) कविता के उदय के साथ हुई।** अत कथन 2 सही नहीं है।

- खयाल शैली जो कि इसके पूर्ववर्ती ध्रुपद नामक शास्त्रीय संगीत की शाखा थी, उन गणिकाओं के लिये विशेष रूप से उपयुक्त थी जो अपने अतिथियों के मनोरंजन के लिये शास्त्रीय संगीत को और नृत्य को प्रदर्शित करने के साथ-साथ संरक्षित करती थी। **अतः कथन 1 सही है।**

53. रागमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

a. यह हिंदुस्तानी संगीत की एक विशिष्ट शैली है।

b. यह एक लघु चित्रकला है जिसमें रागों का चित्रण किया गया है।

c. यह एक संगीत रचना है जिसमें सभी राग शामिल हैं।

d. यह कर्नाटक संगीत की एक विशिष्ट शैली है।

**उत्तर: (b)**

व्याख्या: **मध्यकालीन भारत की चित्रकला शृंखला रागमाला (संगीत विधाओं की माला) की उत्पत्ति हुई। यह भारतीय लघु चित्रकला की एक शैली थी जिसमें विभिन्न भारतीय संगीत विधाओं या रागों का चित्रण किया गया था।** अतः विकल्प (b) सही है।

- हालाँकि इन चित्रों के दृश्यों में कुछ मनमानापन मौजूद है क्योंकि उनके चित्रण और रंगों से संयोजित संगीत के प्रामाणिक ग्रंथों में उल्लेखित राग के निर्धारित रंग के साथ मेल नहीं खाते हैं, फिर भी उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत

की आसक्तिपूर्ण कल्पना और रचनात्मक का साक्ष्य माना जाता है।

54. निम्नलिखित में से किस राज्य में शमनवाद मनाया जाता है?

a. अरुणाचल प्रदेश
b. असम
c. पश्चिम बंगाल
d. मणिपुर

**उत्तर: (a)**

व्याख्या: **अरुणाचल प्रदेश की विभिन्न जनजातियों में शमनवाद प्रचलित है। अरुणाचल प्रदेश में प्रत्येक जनजाति में आनुष्ठानिक कर्मकाण्डों में माहिर लोग हैं जो धार्मिक संस्कारों को संपन्न करने और बलि चढ़ाने का कार्य करते हैं। लगभग सभी पूर्व लेखन में प्रयुक्त पुजारी और शमन पद (स्वदेशी) का उपयोग उनके लिये किया जाता है।** अतः विकल्प (a) सही है।

- शमनों के पास किवदंतियों, मिथकों, आनुष्ठानिक मंत्रोत्चारों आदि के रूप में पारंपरिक ज्ञान का भी अपार भंडार होता है। वे आनुष्ठानिक कर्मकांडों और उनके साथ जुड़े ज्ञान और पांडित्य में पारंगत होते हैं।

55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये जो पारंपरिक त्योहारों और उन राज्यों से संबंधित हैं:

| **पारंपरिक त्योहार** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1. वंगाला | : | मेघालय |
| 2. चपचर कुट | : | मिज़ोरम |
| 3. सोलांग | : | अरुणाचल प्रदेश |
| 4. चीइराओबा | : | मणिपुर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 4
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

व्याख्या: **मेघालय में ज़्यादातर लोग शाद सुक माइनसिएम (Shad Suk Mynsiem) का जश्न मनाते हैं, जयन्तिया (Jaintias) बेहिदियेनखाम (Behdienkhlam) और गारो (Garos)** वंगाला **(Wangala) मनाते हैं।** अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।

- दूसरी ओर मिज़ोरम में सभी तीन त्योहार चपचर कुट (Chapchar Kut), मिम कुट (Mim Kut) और पवल कुट-कृषि (Pawl Kut-are) से संबंधित हैं, जिसके दौरान मिज़ो (Mizos) लोग अद्‌भुत बांस नृत्य चेरव (Cheraw) करते हैं। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश में आदि समुदाय के लोग सोलांग (Solung) का आयोजन करते हैं, अपातानी (Apatanis) लोग द्री (Dree) का आयोजन करते हैं, निशिंग (Nyishis) न्योकुम (Novum) मनाते हैं, गालो (Galos) मोपिन (Mopin) मनाते हैं और मोनपा (Monpas) लोसार (Losar) मनाते हैं और ये सभी कृषि से संबंधित हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- मणिपुर में **चीइराओबा** (Cheiraoba) मणिपुरी नव वर्ष त्योहार है तो लाई-हरोबा (Lai Haraoba) त्योहार को उमंगलाई (Umanglai) नामक वन देवता को प्रसन्न करने के लिये मनाया जाता है। याओसांग (Yaoshang) सप्ताह भर चलने वाला अद्‌भुत होली उत्सव है। रथ यात्रा, जिसे कांग चिंगबा (Kang Chingba) भी कहा जाता है, यह नौ दिवसीय रथ उत्सव है जो भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**

56. रोंगखली नामक धार्मिक उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

a. असम
b. अरुणाचल प्रदेश
c. मेघालय
d. पश्चिम बंगाल

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- रोंगखली या टाइगर फेस्टिवल मेघालय के वार-जयंतिया क्षेत्र में नोंगतालंग गाँव के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला एक धार्मिक त्योहार है। वार-जयंतियां बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिमी जयंतिया पहाड़ियों के ढलान पर रहती हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- स्थानीय भाषा में रोंग का तात्पर्य 'त्यौहार' और खली का तात्पर्य बाघ से है। परंपरा यह है कि जब भी गाँव का कोई भी व्यक्ति बाघ या इसी वर्ग के किसी एनी जीव को पकड़ता है, तो अनुष्ठान करना पड़ता है।
- नोंगतालंग के लोग दो देवियों की पूजा करते हैं; एक 'का पीरतुह' और दूसरी 'का कपोंग'। डोरबार को गाँव के प्रमुख द्वारा बुलाया जाता है और महोत्सव के लिये एक तिथि निर्धारित की जाती है। यह त्योहार मुख्य रूप से जनवरी से मार्च के महीने में आयोजित किया जाता है।

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मुगा रेशम भौगोलिक रूप से असम की देन है।
2. असम में मेखला-चादोर को आमतौर पर कपास से बुना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

व्याख्या: **असम जहाँ देश में सबसे अधिक हथकरघे हैं, गैर-आदिवासी समुदाय घरेलू स्तर थ्रो-शटल लूम का उपयोग करते हैं जबकि फ्लाई-शटल का उपयोग केवल गुवाहटी के पास प्रसिद्ध रेशम गाँव सुआलकुची के व्यवसायिक करघों में किया जाता है।**

- असम का पारंपरिक हथकरघा उद्योग मूल रूप से रेशम-उन्मुख रहा है, क्योंकि यह राज्य अनूठे मूगा या सुनहरे रेशम के लिये प्रसिद्ध है जो प्रकृति कृत रेशम के विभिन्न प्रकारों में से है और भौगोलिक रूप से असम की देन है। असम में आमतौर पर मेखला-चादोर बुना जाता है जबकि उत्सव-संबंधी परिधानों में रीहा भी शामिल है और ये सुनहरे मूगा का हो सकता है। इसके अलावा पाट भी बुना जाता है जो शहतूत रेशम से बना होता है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**

58. मोहरा एक प्रकार के स्मारक पत्थर हैं। निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में ये प्रमुखता से पाए जाते हैं?

a. जम्मू
b. लद्दाख
c. कश्मीर
d. हिमाचल प्रदेश

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** पूरे जम्मू क्षेत्र में पाए जाने वाले स्मारक पत्थर डोगराओं के जातीय चरित्र, रीति-रिवाज़ों, विश्वास और प्रथाओं में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं, जिनकी एक अलग पहचान, भाषा और पारंपरिक जीवन शैली है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- सैनिक पत्थरों को योद्धाओं के सम्मान में स्थापित किया जाता है। स्थानीय रूप से मोहरों के रूप में पहचाने जाने वाले ये

स्मारक पत्थर हमेशा तालाब और मीठे पानी के झरनों एवं विशेष रूप से 17वीं शताब्दी के बाद के पानी के झरनों जैसे पानी के स्रोत के पास पाए जाते हैं।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य अमीर खुसरो से संबंधित है?
   1. सितार का आविष्कार
   2. तबला का आविष्कार
   3. सावन के गीतों की रचना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या: अमीर खुस**रो देहलवी भारत के सांस्कृतिक इतिहास में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। वह एक संगीतकार, विद्वान और कवि थे, जो दिल्ली के हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया के सूफी रहस्यवादी और आध्यात्मिक शिष्य थे।

- उन्होंने फारसी और अरबी तत्त्वों के साथ हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को समृद्ध किया, जिससे हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में विभिन्न शैलियों की उत्पत्ति हुई, जैसे कि ख्याल, तराना, सवेला, चतुरंग, त्रिवत, सदराह, तलान, तिलीनाना, कौल, कलबाना, नक़्श-ओ-गुल, नक़्श-ओ-निगार, रंग, मंधा, धमाल, सावन गीत आदि।
- तबला और सितार के आविष्कार का श्रेय अमीर खुसरो को ही जाता है, उन्होंने हिंदवी में अपनी काव्य अभिव्यक्ति की। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- अमीर खुसरो के काव्य पर आधारित पारंपरिक, प्रामाणिक और वास्तविक सूफी संगीत दिल्ली घराने का एक दुर्लभ खजाना है। अमीर खुसरो की कुछ रचनाओं में सावन गीत के रूप में भी लोकप्रिय अभिव्यक्ति मिलती है। **अतः कथन 3 सही है।**

60. राजतरंगिणी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसके प्रमुख भाग की रचना प्राकृत भाषा में की गई है।
   2. इसमें शासकों और उनकी नीतियों से संबंधित आलोचना शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** कल्हण एक प्रसिद्ध लेखक थे जिन्होंने कश्मीर के राजाओं पर एक लंबी संस्कृत कविता (राजतरंगिणी - "द रिवर ऑफ किंग्स") लिखी, जिसमें शिलालेखों, दस्तावेज़ों, प्रत्यक्षदर्शी खातों और पहले के इतिहास जैसे विभिन्न स्रोतों का उपयोग किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- वह आमतौर पर शासकों और उनकी नीतियों के बारे में आलोचनात्मक रवैया रखता था। राजतरंगिणी, बारहवीं शताब्दी के लिये असामान्य एक लंबी संस्कृत कविता थी जिसमें कश्मीर पर शासन करने वाले राजाओं का इतिहास शामिल था। **अतः कथन 2 सही है।**

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भाओना वैष्णव परंपराओं पर आधारित एक पारंपरिक नृत्य नाटक है।
   2. अरुणाचल प्रदेश में केवल बौद्ध धर्म की महायान धारा का अनुसरण किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** रास (Raas) असम में प्रचलित हिंदू धर्म के वैष्णव संप्रदाय के नव-वैष्णव संस्कृति का एक हिस्सा है। इसकी शुरुआत मध्यकालीन संत श्रीमंत शंकरदेव ने की थी। उन्होंने आम लोगों को भगवान कृष्ण की महिमा को समझाने के लिये नृत्य नाटकों का उपयोग किया क्योंकि आम जन उन हिंदू ग्रंथों को समझने में असमर्थ थे जो उत्तर भारत की ब्रज (Vraja) भाषा में लिखे गए थे।

- रास महोत्सव में **भाओना (Bhaona)** या पारंपरिक नृत्य नाटक दिखाए जाते हैं जो वैष्णव परंपराओं को कहानियों द्वारा चित्रित करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- असम, त्रिपुरा और मणिपुर की इम्फाल घाटी में अधिकांश लोग हिंदू धर्म के विभिन्न रूपों का अनुसरण करते हैं जिनमें से **वैष्णववाद (असम और मणिपुर में) सबसे प्रमुख** है।
- अरुणाचल प्रदेश में डोन्यी-पोलो और मेघालय में नियाम-त्रे जैसे प्रमुख देशज धर्म हैं। अरुणाचल प्रदेश में बौद्ध धर्म की भी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति है, मोनपा, शेरदुकपेन मेम्बा और खंबा जनजातियाँ महायान धारा का अनुसरण करती हैं जबकि खामटी, सिंगफो और तान्गासा जनजाति थेरवाद धारा का अनुसरण करती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

62. निम्नलिखित में से किस राज्य में नाझू पर्व मनाया जाता है?

a. नगालैंड
b. मेघालय
c. अरुणाचल प्रदेश
d. असम

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** नगालैंड का नाझू पर्व उन लोगों के एक छोटे से समूह द्वारा मनाया जाता हैं जो अपने पूर्वजों के धर्म से जुड़े अनुष्ठान की इस प्रथा को अभी भी जीवित रखे हुए है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- नाझू पर्व का सबसे प्रतीकात्मक और अनूठा तत्त्व बांस के कुलदेवता अवुथरू का निर्माण करना है जो एक विशाल विंड चाइम की तरह होता है।

63. चोल शिलालेखों में वर्णित भूमि की श्रेणियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. वेल्लनवगाई गैर-ब्राह्मण किसान स्वामियों की भूमि थी।
2. शालाभोग विद्यालय के रख-रखाव के लिये भूमि थी।
3. ब्रह्मादेय जैन संस्थाओं को दान दी गई भूमि थी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या: चोल शिलालेख में भूमि की कई श्रेणियों का उल्लेख है:**

- **वेल्लनवगाई-** गैर-ब्राह्मण किसान स्वामियों की भूमि।
- **ब्रह्मादेय-** ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि।
- **शालाभोग-** विद्यालय के रख-रखाव के लिये भूमि।
- **देवदाना/तिरुनमट्टुक्कनी-** मंदिरों को उपहार में दी गई भूमि।
- **पल्लीच्चंदम-** जैन संस्थाओं को दान में दी गई भूमि।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:.

1. नाट्य शास्त्र मुख्य रूप से केवल नाटक पर केंद्रित एक व्यापक रचना है।
2. अनिबद्ध संगीत व्यवस्थित रूप से बंधा हुआ नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** नाट्य शास्त्र मुख्य रूप से केवल नाटक पर केंद्रित एक व्यापक रचना है। लेकिन संगीत से संबंधित कुछ अध्यायों में हमें संगीत के मधुर रूपों, ताल और संगीत वाद्ययंत्र आदि के बारे में भी जानकारी मिलती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- अनिबद्ध संगीत व्यवस्थित रूप से बंधा हुआ नहीं होता है। यह आलाप का उत्कृष्ट रूप है। निबद्ध गान के विभिन्न भेद है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सर्वप्रथम प्रबन्ध गीति के बारे में कुछ जानकारी उपलब्ध होती है। वास्तव में प्रबन्ध को सामान्यतया किसी भी शब्द या संगीत रचना को इंगित करने के लिये एक सामान्य शब्द के रूप में उपयोग किया जाता है।

65. गंजीफा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये कलाकृतियाँ बाँस से बनी होती हैं।
2. इन पर दशावतार के जटिल डिज़ाइन हाथ से पेंट किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** गंजीफा (Ganjifa) हस्तनिर्मित ताश के पत्ते हैं जो पहले सावंतवादी (Sawantwadi) शाही परिवार द्वारा उपयोग किये जाते थे और अब इन्हें विश्व भर के कई संग्रहालयों में संग्रहित किया गया है। ताश के ये पत्ते कागज़ के गोलाकार टुकड़ों से बनाए गए हैं, जिन पर दशावतार (भगवान विष्णु के दस अवतार) के जटिल डिज़ाइन हाथ से पेंट किये गए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

- दशावतार गंजीफा के एक सेट में 120 पत्ते होते हैं। ताश के पत्ते 10 रंगों के होते हैं, जिनमें से प्रत्येक में 12 पत्ते हैं। पत्ते कागज़ से बने होते हैं जो इमली के बीज के पाउडर और तेल के मिश्रण से चित्रित होते हैं और इन्हें लाख से पेंट किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- शाही पत्तों में सजावटी बॉर्डर होते थे। कार्ड के सेट को रखने के लिये बनाए गए बॉक्स को चारों तरफ से विशेष चित्रों और सजावटी नमूनों के साथ तैयार किया जाता है। सावंतवादी शाही परिवार के संरक्षण में चितरी समुदाय (Chitari Community) ने लुप्त हो रही इस कला को संरक्षित किया है।

66. निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 के रणनीतिक उद्देश्यों को संदर्भित करते हैं?

1. केवल ग्रामीण क्षेत्रों के लिये ब्रॉडबैंड का प्रावधान करना।
2. भारत की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) विकास सूचकांक पर रैंकिंग में सुधार करना ।
3. वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत के योगदान को बढ़ाना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3

b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 और 2

d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय संचार नीति का लक्ष्य वर्ष 2022 तक निम्नलिखित रणनीतिक उद्देश्यों को पूरा करना है:

- सभी के लिये ब्रॉडबैंड उपलब्ध कराना (न कि सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के लिये)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- डिजिटल संचार क्षेत्र में 4 मिलियन अतिरिक्त रोज़गारों का सृजन करना।
- वर्ष 2017 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में डिजिटल संचार क्षेत्र के योगदान को 6% से बढ़ाकर 8% करना।
- डिजिटल संप्रभुता सुनिश्चित करना।
- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) विकास सूचकांक में शीर्ष 50 देशों में भारत का स्थान सुनिश्चित करना।
- वैश्विक मूल्य श्रृंखला ने भारत के योगदान को बढ़ाना। **अतः कथन 2 और 3 सही हैं।**

67. सहयोग नामक ई-प्लेटफॉर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय मेडिकल अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा विकसित किया गया है।
2. इस प्लेटफॉर्म में चिकित्सा अवसंरचना संबंधित भू-स्थानिक सूचनाएँ होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** विज्ञान विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय मैपिंग एजेंसी (National mapping Agency-NMA) के भारतीय सर्वेक्षण (Survey of India- SoI) ने 'सहयोग' नामक एक ई-प्लेटफार्म विकसित किया है जो सरकार एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों को सहयोग करने के उद्देश्य से देश की महत्त्वपूर्ण अवसंरचनाओं (Critical Infrastructure) पर जियोटैग के माध्यम से सूचनाओं को एकत्रित करेगा और साथ ही इस ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से वर्तमान कोविड-19 वैश्विक महामारी की स्थितियों का पता लगाने एवं इसके प्रतिक्रिया में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने में सहयोग करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- यह प्लेटफॉर्म चिकित्सा अवसंरचना जैसे-अस्पताल, परीक्षण प्रयोगशाला, क्वॉरेंटाइन कैंप, कंटेनमेंट एवं बफर जोन और साथ ही जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान स्थल संबंधी भू-स्थानिक सूचनाएँ उपलब्ध कराएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

सामुदायिक कार्यकर्त्ताओं के लिये डोर-टू-डोर सर्वेक्षण, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, आवश्यक वस्तुओं के वितरण और सार्वजनिक जागरूकता अभियान जैसे मोबाइल आधारित अनुप्रयोग में भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

68. हैरिस-टोडारो मॉडल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

a. मुद्रास्फीति में वृद्धि से

b. प्रच्छन्न बेरोजगारी से

c. श्रमिक प्रवासन से

d. खाद्य संकट से

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** श्रमिक प्रवासन के हैरिस-टोडारो मॉडल (1970) से पता चलता है कि किस प्रकार ग्रामीण/कृषि क्षेत्र से संबंधित श्रमिक शहरी/औद्योगिक क्षेत्र में प्रवासन के लिये निर्णय लेते हैं, जब शहरी औद्योगिक क्षेत्रों में अपेक्षित मज़दूरी दर ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी वर्तमान

मज़दूरी से उल्लेखनीय रूप से अधिक हो। **अतः विकल्प (c) सही है।**

69. राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मिशन के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कार्यक्रम का वित्तपोषण सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से किया जाता है।
2. इस मिशन के अंतर्गत जन वाई-फाई का लक्ष्य शहरी क्षेत्रों में वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (a)**

**व्याख्याः** राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (National Broadband Mission) का उद्देश्य सुरक्षित सार्वभौमिक ब्रॉडबैंड पहुँच स्थापित करना है।

- इस मिशन के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कार्यक्रम को सार्वजनिक निजी भागीदारी एवं यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (Universal Service Obligation Fund- USOF) द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मिशन के अंतर्गत निम्नलिखित ब्रॉडबैंड कार्यक्रम शामिल हैं-
  1. **भारत नेट-** ग्राम पंचायतों को 1 Gbp से 10 Gbp तक की ब्रॉडबैंड स्पीड उपलब्ध कराना।
  2. **ग्राम नेट-** सभी प्रमुख ग्रामीण विकास संस्थाओं को 10 Mbps (100 Mbps तक अपग्रेडेबल) कनेक्शन उपलब्ध कराना।
  3. **नगर नेट-** शहरी क्षेत्रों में 1 मिलियन सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करना।
  4. **जन वाई-फाई-** ग्रामीण क्षेत्रों में (न की शहरी क्षेत्रों में) 2 मिलियन वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

70. गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स (GOAL) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस कार्यक्रम को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. कार्यक्रम को आदिवासी युवाओं को डिजिटल मोड के माध्यम से मेंटरशिप प्रदान करने के लिये बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** जनजातीय मंत्रालय (MoTA) ने फेसबुक के साथ मिलकर 'गोइंग ऑनलाइन एस लीडर्स' (Going Online As Leaders-GOAL) कार्यक्रम लॉन्च किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- GOAL कार्यक्रम को आदिवासी युवाओं को डिजिटल मोड के माध्यम से मेंटरशिप प्रदान प्रदान करने के लिये

तैयार किया है। **अतः कथन 2 सही है।**

- डिजिटल रूप से सक्षम यह कार्यक्रम आदिवासी युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की परिकल्पना पर आधारित है, जो उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता करने के साथ-साथ उनके समाज के सर्वांगीण उत्थान में भी योगदान देगा।

71. 'ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामान्यतः ब्लॉकचेन निरंतर लेन-देन दर्ज करने वाले बहीखाते का एक रूप है।
2. ब्लॉकचेन विकेंद्रीकृत भंडारण प्रकृति के होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** वास्तव में ब्लॉकचेन डाटा ब्लॉकों की एक शृंखला होती है। प्रत्येक ब्लॉक में लेन-देन का एक समूह समाविष्ट होता है। ये ब्लॉक एक-दूसरे से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़े होते हैं तथा इन्हें कूट-लेखन (Cryptography) के माध्यम से सुरक्षा प्रदान की जाती है।

- ब्लॉक एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए होते हैं और इनके पास हैशे'स नामक विशिष्ट पहचान कोड होता है जो उन्हें पिछले और बाद के ब्लॉक से जोड़ते हैं।
- इस प्रकार निर्मित ब्लॉकचेन सामान्यतः लेन-देन दर्ज करने वाले बहीखाते का एक रूप है। इस पर किसी एक व्यक्ति का स्वामित्व नहीं होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ब्लॉकचेन शृंखला को कई कंप्यूटरों में प्रबंधित और संग्रहीत किया जाता है। प्रत्येक बहीखाते को सिस्टम से जुड़े हर एक कंप्यूटर में साझा, कॉपी और संग्रहीत किया जाता है।
- ब्लॉकचेन में विकेंद्रीकृत भंडारण की विशेषता होती है जो बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। चूँकि, आँकड़ें कई कंप्यूटर सिस्टम में भंडारित होते हैं। इसलिये किसी एक सिस्टम में मौजूद विवरणों में परिवर्तन को अन्य सिस्टमों में परिवर्तन के साथ संपादित किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

72. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित 'DRUVS' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

a. यह एक ऐंटी-टैंक मिसाइल है।
b. यह स्टील्थ ड्रोन का पता लगाने के लिये एक रडार है।
c. यह एक पराबैंगनी सैनिटाइटर है।
d. यह स्वदेशी रूप से विकसित एक वेंटिलेटर है।

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** हैदराबाद अवस्थित रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) की प्रमुख प्रयोगशाला, रिसर्च सेंटर इमारत (Research Centre Imarat-RCI) ने एक स्वचालित संपर्करहित UVC सेनेटाइजेशन कैबिनेट विकसित किया है, जिसे रक्षा अनुसंधान पराबैंगनी सैनिटाइजर (Defence Research Ultraviolet Sanitiser- DRUVS) नाम दिया गया है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

- इसे मोबाइल फोन, टैबलेट्स, लैपटॉप, करेंसी नोट, चेक, चालान, पासबुक,

पेपर, लिफाफे आदि को सैनिटाइज करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

73. निम्नलिखित में से कौन-से किसान सभा एप के लक्ष्य हैं?

1. किसानों को आपूर्ति शृंखला से जोड़ना।
2. माल परिवहन प्रबंधन करना।
3. एक ही फसल उगाने वाले किसानों को सभा से जोड़ना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तरः (c)**

**व्याख्याः** देश के दूरदराज के इलाकों में आपूर्ति शृंखला एवं माल परिवहन प्रबंधन प्रणाली से किसानों को जोड़ने के लिये नई दिल्ली स्थित CSIR-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CSIR-CRRI) द्वारा किसान सभा एप (Kisan Sabha App) विकसित की गई है। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही है।**

- यह पोर्टल किसानों, ट्रांसपोर्टरों, सेवा प्रदाताओं (जैसे- कीटनाशकों/उर्वरक/डीलरों, शीत भंडार गृहों और गोदाम मालिकों), मंडी डीलरों, ग्राहकों (जैसे- बड़े खुदरा दुकानों, ऑनलाइन स्टोर, संस्थागत खरीदारों) और अन्य संबंधित संस्थाओं को आपस में जोड़ता है। एक ही फसल उगाने वाले किसानों को जोड़ना इसका उद्देश्य नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

74. स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल ऑनलाइन प्रोफेशनल पाठ्यक्रम प्रदान करता है।
2. स्वयं क्रेडिट्स को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा स्वीकार किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः (b)**

**व्याख्याः** मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds- SWAYAM) लॉन्च किया गया था जो ऑनलाइन पाठ्यक्रम के लिये एकीकृत प्लेटफॉर्म और पोर्टल की सुविधा प्रदान करता है।

- इसमें सभी **उच्च शिक्षा संबंधी विषय और कौशल क्षेत्र के पाठ्यक्रम (न केवल प्रोफेशनल पाठ्यक्रम)** शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- देश भर के सैकड़ों संस्थानों के शिक्षाविद लगभग सभी विषयों में स्वयं पोर्टल के माध्यम से मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) प्रदान कराने में संलग्न है।
- हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) स्वयं (SWAYAM) के क्रेडिट को स्वीकार करने के लिये विश्वविद्यालयों और संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

75. राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 में निम्नलिखित में से कौन-से मिशन शामिल हैं?

1. कनेक्ट इंडिया
2. प्रोपेल इंडिया
3. सिक्योर इंडिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तरः (d)**

**व्याख्याः** राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 में तीन मिशनों की परिकल्पना की गई है:

- **कनेक्ट इंडिया (भारत को जोड़ना)**: मज़बूत डिजिटल संचार अवसंरचना का निर्माण करना, सेवा गुणवत्ता और पर्यावरण संबंधी स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए सामाजिक- आर्थिक विकास हेतु ब्रॉडबैंड को सभी के लिये तंत्र के रूप में विकसित करना।
- **प्रोपेल इंडिया (भारत को आगे बढ़ाना)**: अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों एवं सेवाओं को निवेशों, नवाचारों और बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) सृजन के माध्यम से सक्षम बनाना। निवेशों, नवाचारों एवं IPR को बढ़ावा देते हुए 5G, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड एवं बिग डाटा सहित उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियों की शक्ति का उपयोग करना, ताकि भविष्य में चौथी औद्योगिक क्रांति को उत्प्रेरित किया जा सके।
- **सिक्योर इंडिया (भारत को सुरक्षित करना)**: डिजिटल संचार की संप्रभुता, बचाव एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना। डाटा को महत्त्वपूर्ण आर्थिक संसाधन के रूप में स्वीकृति देते हुए वैयक्तिक स्वायत्तता एवं विकल्प, डाटा स्वामित्व, निजता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान देने के साथ ही नागरिकों के हितों की सुरक्षा करना तथा भारत की डिजिटल संप्रभुता को सुरक्षित रखना।

**अतः विकल्प (d) सही है।**

76. सिलिकोसिस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सिलिकोसिस फेफड़े की एक बीमारी है जो साँस के माध्यम से सिलिका के छोटे-छोटे कणों के शरीर में प्रवेश करने से होती है।
2. सिलिका रेत, चट्टान और क्वार्ट्ज, फेल्ड्सपार तथा माइका जैसे खनिज अयस्कों में पाया जाने वाला एक सूक्ष्म कण है।
3. हाल ही में विज्ञान और पर्यावरण के लिये केंद्र (CSE) ने स्टोन डस्ट प्रेसीपिटेटर सिस्टम विकसित किया है जो अधिकतम धूल कणों को सोखकर उनके शरीर में प्रवेश को रोक सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. केवल 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** सिलिकोसिस फेफड़े की एक बीमारी है जो सिलिका के छोटे-छोटे कणों के साँस के माध्यम से शरीर के भीतर प्रवेश करने से होती है। फेफड़ों के ऊपरी भागों में गाँठदार घावों के रूप में सूजन और जख्म से इसकी पहचान होती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- श्रमिकों के बीच फेफड़े की यह बीमारी सिलिका धूल के संपर्क में आने से होती है, विशेषकर ऐसे श्रमिक, जो किसी भी प्रकार के सुरक्षात्मक उपायों का उपयोग नहीं करते हैं।

- सिलिका एक सूक्ष्म कण है जो रेत, चट्टान और क्वार्ट्ज, फेल्ड्सपार, माइका, एम्फीबोल, पाइरॉक्सीन तथा ओलिवीन जैसे खनिज अयस्कों में पाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **धूल अवक्षेपक प्रणाली-** पिलानी स्थित **वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (CSIR-CEERI)** ने एक स्टोन डस्ट प्रेसीपिटेटर सिस्टम विकसित किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **क्रिया-विधि:** यह अवक्षेपक अधिकतम धूल कणों को सोख सकता है और उन्हें हवा से अलग करता है और अंत में इसे पानी में घोल देता है। रेत की धूल के इस तलछट को समय-समय पर ड्रेन वाल्व से बाहर निकाला जा सकता है। इसमें सफेद सीमेंट मिलाकर इससे अन्य उत्पाद जैसे- गमले, मूर्तियाँ, टाइल्स आदि बनाई जा सकती हैं।
  - इसमें एक स्वत-निस्यंदन स्वच्छता तकनीक का प्रयोग किया गया है जो इसे गैर-तकनीकी क्षेत्र के व्यक्तियों के लिये भी उपयुक्त बनाती है और यह अवक्षेपक विद्युत् बचत तकनीक पर आधारित है।
  - पत्थर की नक्काशी के दौरान PM2.5 और PM10 का उत्पादन बहुत अधिक होता है। सिलिकोसिस के लिये मुख्य रूप से PM2.5 ज़िम्मेदार है।
  - अतः यह तकनीक प्रदूषण को कम करने और जोखिम को रोकने में भी मदद कर सकती है।
- **व्यापकता:** भारत में सिलिकोसिस की व्यापकता आयुध कारखाने में 3.5% से लेकर स्लेट-पेंसिल उद्योग में लगभग 55% तक है।
  - यह ओडिशा, गुजरात, राजस्थान, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल में निर्माण और खनन कार्यों से जुड़े श्रमिकों के बीच अधिक व्याप्त है।
- **इलाज:** स्थायी शारीरिक विकलांगता प्रदान करने की क्षमता के कारण सिलिकोसिस को लाइलाज बीमारी के रूप में देखा जाता है।
  - चूँकि सिलिकोसिस का कोई विशिष्ट प्रभावी उपचार नहीं है। श्रमिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये एकमात्र उपलब्ध तरीका सिलिका युक्त धूल के संपर्क में आने से रोकना है।

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. फ्यूज़ेरियम, फ्यूज़ेरियम ऑक्सीस्पोरम के कारण केले में होने वाली एक विषाणुजनित बीमारी है।
   2. भारत विश्व का सर्वाधिक केला उत्पादक देश है ।
   3. किसी भी रासायनिक उपचार द्वारा मिट्टी से इस बीमारी को खत्म नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1
c. केवल 2 और 3
d. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** केले का फ्यूज़ेरियम रोग मृदा जनित कवक फ्यूज़ेरियम ऑक्सीस्पोरम के कारण होने

वाला रोग है। इसे ट्रॉपिकल रेस 4 के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- कवक के विभिन्न किस्मों (अब तक लगभग 35 ज्ञात हैं) को उनकी वनस्पति अनुकूलता के आधार पर 4 मुख्य प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। 'एक', 'दो' और 'तीन' जातियाँ (Races) केले की खेती को अपेक्षाकृत कम प्रभावित करती है। रेस 4 केले की अधिकांश किस्मों को संक्रमित कर सकती है, लेकिन इसे मुख्य रूप से कैवेंडिश (Cavendish) किस्म पर हमला करने के लिये जाना जाता है, जिसकी विश्व में सर्वाधिक व्यापक रूप से कृषि की जाती है।

- इसके कारण 30 वर्षों से दक्षिण पूर्व एशिया में केले के बागान को नुकसान पहुँच रहा है।
- ट्रॉपिकल रेस 4 की उपस्थिती अब भारत में भी दर्ज की गई है, लेकिन अधिकांश किसानों को इसकी उपस्थिति के बारे में पता नहीं है।
- केला उत्पादन में भारत विश्व में पहले स्थान पर है इसके बाद चीन, फिलीपींस तथा इक्वेडोर का स्थान आता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत में उत्पादन:** भारत में इसकी खेती प्रमुख रूप से आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा उत्तर प्रदेश में की जाती है।
- **केले से संबंधित विभिन्न रोग:** 1950 के दशक तक ग्रोस मिशेल सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली केले की किस्म थी, जिसे लगभग पूरी तरह से मिटा दिया गया था।
  - वर्तमान में केले की कैवेंडिश प्रजाति सर्वाधिक निर्यात की जाने वाली किस्म है, क्योंकि यह फ्यूजेरियम के लिये प्रतिरोधी थी।
  - इस घातक कवक से छुटकारा पाना बहुत कठिन है। यह वर्षों तक मिट्टी में रहकर केले के पौधों को पोषण से वंचित कर उन्हें संक्रमित कर सकता है।
  - आज तक कोई भी कवकनाशी इसके खिलाफ प्रभावी नहीं पाया गया है। इसे किसी भी रासायनिक उपचार द्वारा मिट्टी से समाप्त नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - एक अन्य विनाशकारी कवक पत्ती रोग, ब्लैक सिगाटोका भी चिंता का एक प्रमुख कारण है। किसी भी रासायनिक उपचार द्वारा मिट्टी से इस बीमारी को खत्म नहीं किया जा सकता है।
- **समाधान:** इसका एक संभावित समाधान कैवेंडिश केले की संकर (आनुवंशिक रूप से संशोधित) प्रजाति को उगाना प्रारंभ करना है। लेकिन इससे अच्छे परिणाम प्राप्त करने में उम्मीद से अधिक समय लग सकता है।
- फसल की एक प्रजाति पर निर्भरता ही इस संकट का कारण है इसलिये केले की किस्मों में विविधता एक स्थायी समाधान हो सकता है। लेकिन इसके लिये समस्त तंत्र के बड़े पैमाने पर पुनर्गठन की आवश्यकता है।

78. एक्यूट फ्लेसिड पैरालिसिस (AFM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है?

a. एक्यूट फ्लेसिड मायलाइटिस (AFM) मेरुरज्जु को प्रभावित करने वाली एक दुर्लभ बीमारी है।
b. इसके लक्षण अन्य बीमारियों जैसे कि गुलेन-बर्रे सिंड्रोम (Guillain-Barre syndrome- GBS) और पोलियो के समान होते हैं।
c. AFM बच्चों और वयस्कों दोनों में विकसित होता है।
d. हाल ही में इसके विरुद्ध एक टीका विकसित किया गया है।

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- एक्यूट फ्लेसिड पैरालिसिस (Acute Flaccid Myelitis- AFM) एक दुर्लभ बीमारी है जो मेरुरज्जु (Spinal Cord) को प्रभावित करती है, यह तंत्रिका तंत्र का वह हिस्सा होता है जो मस्तिष्क से संदेशों का आदान-प्रदान करता है।
- **कारण:** इसके प्रेरक घटक अभी भी अज्ञात हैं।
- **लक्षण:** हाथों या पैरों में अचानक (तीव्र) कमज़ोरी, AFM तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकती है, जिससे चेहरे की मांसपेशियों में कमज़ोरी जैसे- पलकें शिथिल हो जाती है, व्यक्ति को निगलने एवं बोलने में कठिनाई होती है।
    - AFM की सबसे गंभीर जटिलता एक श्वसन विफलता है जिसमें श्वास से जुड़ी मांसपेशियाँ कमज़ोर हो जाती हैं।
    - AFM के अधिकांश मामले बच्चों में पाए गए हैं, लेकिन यह वयस्कों में विकसित हो सकता है।
    - कई बार AFM के लक्षण पोलियोवायरस, वेस्ट नाइल वायरस और एडिनोवायरस जैसे विषाणुजनित संक्रमण के बाद विकसित होते हैं।
    - AFM का निदान करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि इसके लक्षण अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों जैसे कि गुलेन-बर्रे सिंड्रोम (GBS), तीव्र प्रसार वाले इंसेफेलाइटिस (Acute Disseminated Encephalomyelitis- ADEM) और ट्रांस्वर्स मायलिटिस के समान हैं।
- **रोकथाम और उपचार: AFM के लिये कोई टीका नहीं है** और इसे रोकने का कोई निश्चित तरीका भी नहीं है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**79.** 'शिफा केयर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. शिफा केयर एप उन्नत स्वास्थ्य सेवा हेतु एक बहुभाषी, बहु-उपयोगकर्त्ता मंच है।
2. इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

**'शिफा केयर' ऐप**

- शिफा केयर एप उन्नत स्वास्थ्य सेवा हेतु एक बहुभाषी, बहु-उपयोगकर्त्ता मंच है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे भारत में **शिफा अंतर्राष्ट्रीय (Shifa International)** द्वारा लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह मरीज़ों को घर पर ही अपनी पसंद के चिकित्सक से मनचाही भाषा और

समय पर स्वास्थ्य सेवा और समाधान प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराता है।
- शिफा केयर एक ऐसा तंत्र है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महामारी विज्ञान और आनुवंशिक अनुक्रम का उपयोग करता है।
- इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में प्रतिक्रियात्मक देखभाल के प्रतिमान को बदलकर निवारक देखभाल की ओर ले जाना है।

80. क्रिप्टोग्राफी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. क्रिप्टोग्राफी कोड के उपयोग के माध्यम से सूचना और संचार को सुरक्षित करने की एक तकनीक है।
    2. क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल मुद्रा है जो सुरक्षा के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है और सामान्यत: ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- कूट-लेखन अथवा क्रिप्टोग्राफी (Cryptography) में कोड लिखना या सृजित करना शामिल है जो जानकारी को गुप्त रखने की अनुमति देता है। कूट-लेखन डेटा को एक ऐसे प्रारूप में परिवर्तित करती है जो अनधिकृत उपयोगकर्त्ता के लिये अप्राप्य होती है जिससे अनधिकृत संस्थाओं द्वारा इसे पढ़ने योग्य प्रारूप में वापस डिकोड करके डेटा की सुरक्षा छेड़छाड़ करना संभव नहीं होता है।
- सूचना सुरक्षा कई स्तरों पर क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है। किसी भी सूचना को पढ़ने के लिये आवश्यक 'की' को डिक्रिप्ट किये बिना इसे पढ़ा नहीं जा सकता है। सूचना पारगमन और संग्रहीत होने के दौरान इसकी अखंडता और सुरक्षा से समझौता नहीं होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्रिप्टोग्राफी भी गैर-अस्वीकृति (Non-Repudiation) में सहायता करता है। इसका मतलब है कि प्रेषक और संदेश के प्रेषण को सत्यापित किया जा सकता है।
    - क्रिप्टोकरेंसी एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा होती है है जो सुरक्षा के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है तथा आमतौर पर ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही है।**

81. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| | **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|---|
| 1. | नील्स बोर | रेडियोधर्मिता |
| 2. | हरगोबिंद खुराना | प्रोटीन संश्लेषण |
| 3. | अल्बर्ट आइंस्टीन | गुरुत्वाकर्षण तरंगें |
| 4. | ओसामु शिमोमुरा | ग्रीन फ्लोरसेंट प्रोटीन |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 4
c. केवल 2 और 3
d. केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- **नील्स बोर:** वे 20वीं शताब्दी के एक डेनिश भौतिक विज्ञानी थे जो क्वांटम

अवधारणा को लागू करने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके लिये उन्हें वर्ष 1922 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला।

  - अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford) रेडियोधर्मिता पर अध्ययन करने वाले प्रमुख व्यक्ति थे जिन्होंने नाभिकीय भौतिकी के अन्वेषण का नेतृत्व किया। वह परमाणु को विभाजित करने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्हें परमाणु संरचना के सिद्धांत के लिये रसायन विज्ञान में वर्ष 1908 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 'नाभिकीय युग के पिता' के रूप में जाना जाता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**

- **हर गोबिंद खुराना:** वह एक भारतीय-अमेरिकी जैव रसायनशास्त्री थे जिन्हें पहले संश्लेषणात्मक जीन के निर्माण और न्यूक्लिक एसिड तथा प्रोटीन में प्रसिद्ध शोध कार्यों के लिये जाना जाता है।
  - **हर गोबिंद खुराना ने अपने शोध में** प्रोटीन संश्लेषण में DNA आनुवंशिक कोड की भूमिका और इसके कोशिका की कार्य प्रणाली पर प्रभाव का अध्ययन किया।
  - आनुवंशिक कोड और प्रोटीन संश्लेषण के कार्य की व्याख्या के लिये दो अन्य सहकर्मियों के साथ खुराना को वर्ष 1968 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

- **अल्बर्ट आइंस्टीन:** आइंस्टीन ने भविष्यवाणी की थी कि जब दो विशाल पिंड जैसे कि ग्रह या तारें एक-दूसरे की परिक्रमा करते हैं तो इससे अंतरिक्ष में विक्षोभ पैदा हो सकता है। वैज्ञानिक इन तरंगों को गुरुत्वाकर्षण तरंग कहते हैं।
  - वर्ष 2015 में वैज्ञानिकों ने पहली बार गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया। उन्होंने लेज़र इंटरफेरोमीटर गुरुत्वीय-तरंग वेधशाला (Laser Interferometer Gravitational-Wave Observatory- LIGO) नामक एक बहुत ही संवेदनशील उपकरण का प्रयोग किया। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

- **ओसामू शिमोमुरा:** ओसामू शिमोमुरा ने वर्ष 2008 में ग्रीन फ्लोरेसेंट प्रोटीन (Green Fluorescent Protein-GFP) की पहचान करने के लिये रसायन शास्त्र में दो अमेरिकी वैज्ञानिकों के साथ संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार जीता था। यह जेलिफ़िश एक्युरिया विक्टोरिया (Aequorea Victoria) में एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पदार्थ है जिसका उपयोग कुछ कोशिकाओं के क्रियाओं को देखने के लिये एक उपकरण के रूप में किया जाता है।

GFP प्रदत्त दृश्य संकेत वैज्ञानिकों को प्रोटीन गतिविधि की जाँच करने की अनुमति देता है, जैसे कि कब और कहाँ प्रोटीन का उत्पादन होता है तथा कैसे विभिन्न प्रोटीन या प्रोटीन के भाग एक कोशिका के भीतर एक-दूसरे के पास जाते हैं और संपर्क करते हैं। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**

82. उन्नत सुरक्षा स्याही के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलूरु द्वारा विकसित किया गया था।
2. यह स्याही प्रतिदीप्ति-स्फुरदीप्ति तकनीक के सिद्धांत पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या: उन्नत सुरक्षा स्याही (Advanced Security Ink)**

- नई दिल्ली अवस्थित **CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (National Physical Laboratory-NPL) ने एक सुरक्षा स्याही विकसित की** है, जो प्रिंट दस्तावेज़ों जैसे- पासपोर्ट और मुद्रा नोटों की जालसाज़ी को रोकने में सहायक हो सकती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - मुद्रा नोटों को लगभग 10 सुरक्षा विशेषताओं के साथ निहित किया जाता है, जिसमें तीन-आयामी वॉटरमार्क, माइक्रो लेटरिंग, सुरक्षा धागे और रंग परिवर्तन पैटर्न शामिल हैं।
    - स्याही प्रतिदीप्ति-स्फुरदीप्ति (Fluorescence-Phosphorescence) तकनीक के सिद्धांत का उपयोग करती है जो एकल तरंगदैर्ध्य के उद्दीपन पर दो रंगों का उत्सर्जन करती है।
- लाल और हरे दो रंग हैं- प्रतिदीप्ति के कारण 611 नैनोमीटर पर लाल जबकि स्फुरदीप्ति के प्रभाव से 532 नैनोमीटर पर हरा होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्णक रंग का परिवर्तन:** स्याही की उन्नत सुरक्षा विशेषता वर्णक रंग के अपने परिवर्तन से आती है। वर्तमान में मुद्रा नोटों में तरंगदैर्ध्य के उत्सर्जन के साथ केवल एक ही रंग प्रदर्शित होता है।.
- सुरक्षा उद्देश्यों के लिये दोहरे संदीप्त वर्णक उत्सर्जित करने की यह एक नवीनतम तकनीक है और इसका इस्तेमाल नोटों या गोपनीय दस्तावेज़ों की छपाई के लिये पहले नहीं किया गया है।

83. दनाकिल डिप्रेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अटाकामा रेगिस्तान में स्थित है।
2. यह पृथ्वी के सबसे गर्म, सबसे शुष्क और सबसे गहराई पर अवस्थित स्थानों में से एक है।
3. डिप्रेशन के गर्म जल-स्रोतों और हाइड्रोथर्मल पूल में, रसायन संश्लेषी जीव भी पाए जाते हैं।
4. मानव विकास के अध्ययन के लिये डिप्रेशन महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ आस्ट्रेलोपिथेकस जीवाश्म की खोज की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 2, 3 और 4

d. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**


**व्याख्या: दनाकिल डिप्रेशन (Danakil Depression)**

- **अवस्थिति और क्षेत्र**: दनाकिल डिप्रेशन **अफ़ार त्रिभुज (Afar Triangle)** का उत्तरी भाग है, जो ऐसा भूगर्भीय गर्त है, जो अफ़ार त्रिसंधि (एक ऐसी जगह जहाँ तीन विवर्तनिक प्लेटें जुड़ती हैं) के कारण होता है।
- यह डिप्रेशन इरिट्रिया (Eritrea), ज़िबूती (Djibouti) की सीमाओं और इथियोपिया

के पूरे अफ़ार क्षेत्र का अतिव्यापन (Overlaps) करता है। यह पूर्वी अफ्रीकी भ्रंश घाटी का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- यहाँ अरेबियन, सोमाली और न्युबियन टेक्टोनिक प्लेट्स प्रति वर्ष 1-2 सेंटीमीटर की दर से तीन गहरी रिफ्ट घाटियों के साथ संचरण कर रही हैं।
- भ्रंश घाटी वह जगह है जहाँ पृथ्वी की विवर्तनिक प्लेटें अलग हो जाती हैं और नई परतें बनती है तथा आम तौर पर यहाँ छोटे ज्वालामुखियों की श्रृंखलाओं का उद्भव होता है।

- **जलवायु:** यह विश्व का सबसे गर्म, सूखा और गहरे स्थानों (समुद्र तल से 125 मीटर नीचे) में से एक है और यहाँ प्रति वर्ष औसतन 100- 200 मिमी. बारिश होती है।
  - ये सारे कारक संयुक्त होकर इसे दुनिया के सबसे दुर्गम वातावरणों में से एक बनाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सक्रिय ज्वालामुखी **एर्ता एली (Erta Ale)** में **लावा झील (lava lake)** जो कि पृथ्वी पर मौजूद केवल 6 लावा झीलों में से एक, यहाँ स्थित है।
- डॉलॉल ज्वालामुखी (Dallol Volcano) के जलतापीय क्षेत्र लवण निक्षेपों, गर्म जलस्रोतों ं और छोटे गीजर से संयुक्त एक बहुरंगी दृश्य का निर्माण करते हैं।
- गर्म झरनों और हाइड्रोथर्मल पूल में केमोलिथोट्रोफ़्स अथवा रसायन संश्लेषी जीव भी पाए जाते हैं।
  - रसपोषी (Chemotrophs) वे जीव हैं जो अपने वातावरण में इलेक्ट्रॉन दाताओं के ऑक्सीकरण द्वारा ऊर्जा प्राप्त करते हैं। रसपोषियों में यौगिक (इलेक्ट्रॉन दाता) कोशिका में ऑक्सीकृत हो जाते है और इलेक्ट्रॉनों श्वसन शृंखलाओं में प्रसारित हो जाते हैं और अंततः ATP का उत्पादन होता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- वर्ष 1974 में डोनाल्ड जॉनसन (Donald Johanson) ने इस क्षेत्र में "लुसी" के रूप में विदित आस्ट्रेलोपिथेकस जीवाश्म की खोज की।
  - प्राचीन मानवों के कई अन्य जीवाश्मों की खोज के आधार पर कुछ जीवाश्म विज्ञानियों का मानना है कि यह वह क्षेत्र है जहाँ पहली बार मानव प्रजाति विकसित हुई थी। इसलिये इसे प्राय: 'मानवता का उद्गम' कहा जाता है। **अतः कथन 4 सही है।**



84. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके अधिवेशन संगठन का अनुसमर्थन करने वाले सदस्य राष्ट्रों के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं।
2. अनुसमर्थन करने वाले देश राष्ट्रीय कानूनों में अभिसमय को लागू करने के लिये प्रतिबद्धता होते हैं और नियमित अंतराल पर इसके कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक (International labour standards) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organisation- ILO) के घटकों (सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों) द्वारा तैयार किये गए कानूनी उपकरण हैं, जो कार्य के बुनियादी सिद्धांतों तथा अधिकारों की स्थापना करते हैं।

- वे या तो ऐसे अभिसमय होते हैं या प्रोटोकॉल होते हैं जो कानूनी रूप से अंतर्राष्ट्रीय संधियों के लिये बाध्यकारी हैं जिनकी सदस्य राज्यों द्वारा पुष्टि की जाती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अभिसमय का उल्लंघन करने वाले ऐसे देशों के विरुद्ध (जिन्होंने अभिसमय की पुष्टि की है) शिकायत प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।
- अभिसमय तथा सिफारिशों को सरकारों, नियोक्ताओं एवं श्रमिकों के प्रतिनिधियों द्वारा तैयार किया जाता है और वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में इन्हें अपनाया जाता है।
- अनुसमर्थन करने वाले देश राष्ट्रीय कानूनों में अभिसमय को लागू करने के लिये प्रतिबद्धता होते हैं और नियमित अंतराल पर इसके कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

85. क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय CAMPA सलाहकार परिषद कार्यकारी आदेश द्वारा स्थापित की गई है।
2. यह वनीकरण गतिविधियों को बढ़ावा देता है जो गैर-वन उपयोगों के लिये वन भूमि की क्षतिपूर्ति करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority- CAMPA) वनीकरण और पुनर्जनन गतिविधियों को बढ़ावा देता हैं जो गैर-वन उपयोगों के लिये वन भूमि की क्षतिपूर्ति करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

- निम्नलिखित जनादेश के साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार राष्ट्रीय CAMPA सलाहकार परिषद की स्थापना की गई है:
  - राज्य CAMPA के लिये व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित करें।
  - राज्य CAMPA द्वारा आवश्यक वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य सहायता की सुविधा प्रदान करना।

- योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के आधार पर राज्य CAMPA को सिफारिशें करना।
- एक अंतर-राज्य या केंद्र-राज्य विषय वाले मुद्दों को हल करने के लिये राज्य CAMPA को एक तंत्र प्रदान करना। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

86. आवश्यक वस्तु अधिनियम, (ECA) 1955 के अंतर्गत वस्तुओं की सूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. अधिनियम के अंतर्गत वस्तुओं की सूची में उर्वरक और खाद्य तेल शामिल हैं।
    2. नई वस्तुओं को शामिल करने की शक्ति केवल राज्य सरकारों के पास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** आवश्यक वस्तु अधिनियम, (ECA) 1955 "आवश्यक" और "आम जनता के हित में" समझी जाने वाली किसी वस्तु के उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, व्यापार और वाणिज्य के नियंत्रण का अधिकार प्रदान करता है।

- अधिनियम के अंतर्गत वस्तुओं की सूची में दवाएँ, उर्वरक, दलहन एवं खाद्य तेल, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद इत्यादि शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम के अंतर्गत केंद्र के पास आवश्यकता पड़ने पर नई वस्तुओं को शामिल करने की शक्ति है और स्थिति में सुधार (सार्वजनिक हित के मद्देनज़र) होने पर उन्हें सूची से हटाया भी सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिसूचना जारी होने के बाद किसी भी वस्तु में व्यापार या व्यवहार करना हो, चाहे वह थोक व्यापारी हो, खुदरा विक्रेताओं या यहाँ तक कि आयातकों को भी एक निश्चित मात्रा से अधिक भंडार करने से रोका जाता है।
- यह उपभोक्ताओं को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तर्कहीन वृद्धि से सुरक्षित करता है। सरकार ने पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अधिनियम को कई बार लागू किया है। यह ऐसी वस्तुओं की जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर शिकंजा कसता है।

87. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (PESA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह भूमि अधिग्रहण के संबंध में ग्राम सभा के साथ परामर्श को अनिवार्य बनाता है।
    2. भूमि हस्तांतरण को रोकने और हस्तांतरित भूमि की बहाली के लिये ग्राम सभा को अधिकार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) अधिनियम, 1996 (PESA) के प्रावधान उचित स्तर पर ग्राम सभा/पंचायत को अधिकार प्रदान करते हैं।

- भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास में अनिवार्य परामर्श का अधिकार। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक उचित स्तर पर पंचायतों को लघु जल निकायों की योजना और प्रबंधन का कार्य सौंपा गया।

- एक उचित स्तर पर ग्राम सभा एवं पंचायतों द्वारा खनन एवं खनिजों के लिये संभावित लाइसेंस, पट्टा, रियायतें देने के लिये अनिवार्य सिफारिशें करने का अधिकार।
- मादक द्रव्यों की बिक्री/खपत को विनियमित करने का अधिकार।
- लघु वनोपज का स्वामित्व देना।
- भूमि हस्तांतरण को रोकना और हस्तांतरित भूमि की बहाली करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्रामीण हाट/बाज़ारों का प्रबंधन करना।
- अनुसूचित जनजाति को दिये जाने वाले ऋण पर नियंत्रण करना।
- सामाजिक क्षेत्र में कार्यकर्त्ताओं और संस्थाओं, जनजातीय उप-योजना एवं संसाधनों सहित स्थानीय योजनाओं पर नियंत्रण करना।

88. निम्नलिखित में से कौन-सा स्तनधारी जीव डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है?

1. हाथी
2. बाघ
3. गैंडा
4. तेंदुआ

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 1, 2 और 3
c. केवल 2, 3 और 4
d. केवल 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** डिब्रू-सैखोवा एक राष्ट्रीय उद्यान और बायोस्फीयर रिज़र्व है जो तिनसुकिया ज़िले में 340 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र तक फैला है।

- वर्ष 1950 के महान भूकंप के बाद आमूल परिवर्तन के दौर से गुजरने वाला डिब्रू-सैखोवा एक अद्वितीय निवास स्थान है। प्रवासी पक्षी इसके एक प्रमुख आकर्षण हैं।
- अभी तक स्तनधारियों की 36 प्रजातियों को दर्ज किया गया हैं जैसे -टाइगर, हाथी, तेंदुआ, जंगली बिल्ली, भालू, छोटे भारतीय सिवेट, गिलहरी, गांगेय डॉल्फिन, स्लो लोरिस, असमी मैकाक, रीसस मैकाक, कैप्ड लंगूर, हूलॉक गिब्बन, जंगली सुअर, सांभर, बार्किंग डियर, जंगली घोड़े आदि।
- इस राष्ट्रीय उद्यान में गैंडे नहीं पाए जाते हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

89. सल्फर डाइऑक्साइड द्वारा प्रदूषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही हैं?

1. जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के सबसे बड़े स्रोत है।
2. ये सूक्ष्म कण पदार्थ (PM) के प्रदूषण को बढ़ाने में भी योगदान देता है।
3. यह पर्णसमूह को नुकसान पहुँचाकर पौधों की वृद्धि को प्रभावित करता है।
4. यह अम्लीय वर्षा में योगदान कर सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 1, 2 और 3
c. केवल 2, 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** जीवाश्म ईंधन का उपयोग करने के कारण पॉवर प्लांट और अन्य औद्योगिक गतिविधियाँ SO2 उत्सर्जन के सबसे बड़े स्रोत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- **SO2 उत्सर्जन के लघु स्रोतों में शामिल हैं:** औद्योगिक प्रक्रियाएँ जैसे- अयस्क से धातु निकालना, प्राकृतिक स्रोत जैसे ज्वालामुखी और लोकोमोटिव,

जहाज़ और अन्य वाहन एवं भारी उपकरण जो उच्च सल्फर सामग्री के साथ ईंधन उत्सर्जित करते हैं।

- वायुमंडल में इसकी सांद्रता अधिक होने पर यह सल्फर के ऑक्साइड (SOX) का निर्माण करता है। SOX अन्य यौगिक के साथ प्रतिक्रिया कर सूक्ष्म कणों का निर्माण करता है। ये सुक्ष्ण कण पदार्थ (Particulate Matter- PM) के प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- उच्च सांद्रता में गैसीय SOx पर्णसमूह और विकास को कम करके वृक्षों और पौधों को नुकसान पहुँचा सकती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- SO2 और अन्य सल्फर ऑक्साइड अम्लीय वर्षा में योगदान कर सकते हैं जो संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचा सकते हैं। **अतः कथन 4 सही है।**

90. जैव कीटनाशकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इन्हें पशुओं के साथ-साथ पौधों से भी प्राप्त किया जा सकता है।
    2. बैसिलस थुरिंगिनेसिस जैव कीटनाशक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** जैव कीटनाशक कुछ इस प्रकार के कीटनाशक हैं जो प्राकृतिक जीवों जैसे- पशु, पौधों, जीवाणुओं और कुछ खनिजों से प्राप्त होते हैं। उदाहरण के लिये कैनोला तेल और बेकिंग सोडा में कीटनाशक अनुप्रयोग होते हैं और इन्हें जैव कीटनाशक माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- सबसे व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला सूक्ष्मजीव कीटनाशकों में जीवाणु बैसिलस थुरिंजेंसिस या बीटी की उप-प्रजातियाँ और उपभेद हैं। इस जीवाणु का प्रत्येक स्ट्रेन प्रोटीन का एक अलग मिश्रण तैयार करते हैं और विशेष रूप से कीट लार्वा की एक या कुछ संबंधित प्रजातियों को मारता है। बीटी अवयव पौधों पर पाए जाने वाले कीट लार्वा को नियंत्रित करते हैं अन्य बीटी सामग्री मक्खियों और मच्छरों के लार्वा के लिये विशिष्ट हैं। बीटी सामग्री पौधों पर पाए जाने वाले कीट लार्वा को नियंत्रित करती है, अन्य बीटी सामग्री मक्खियों और मच्छरों के लार्वा के लिये विशिष्ट है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पादप समाविष्ट संरक्षक (Plant-Incorporated-Protectants- PIP) वह कीटनाशक पदार्थ हैं जो पौधे में जोड़े गए आनुवंशिक पदार्थ द्वारा पौधों में उत्पन्न होते हैं। उदाहरण के लिये वैज्ञानिक Bt कीटनाशक प्रोटीन के लिये जीन ग्रहण कर सकते हैं और पौधे की अपनी आनुवंशिक सामग्री में जीन को समाविष्ट कर सकते हैं। उसके बाद Bt जीवाणु के बजाय पौधा, कीटनाशक को नष्ट करने वाले पदार्थ का निर्माण करता है।

91. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संविधान की प्रस्तावना न्यायालय में प्रवर्तनीय है।
    2. प्रस्तावना संशोधनीय है लेकिन ऐसा कोई संशोधन नहीं किया जाना चाहिये जो इसकी मूल विशेषताओं को हटा दे।

3. प्रस्तावना को विधायिका की शक्ति का स्रोत माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2
d. केवल 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** प्रस्तावना में उस आधारभूत दर्शन और मूलभूत मूल्यों (राजनीतिक, नैतिक और धार्मिक) का उल्लेख है, जिन पर संविधान आधारित है।

- इसमें संविधान सभा की भव्य और आदर्श अंतर्दृष्टि शामिल है जो संविधान के संस्थापकों के सपनों और आकांक्षाओं को परिलक्षित करती है।
- यह गैर-न्यायिक है, अर्थात् इसके प्रावधानों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बेरूबारी संघ मामला (1960): बेरूबारी संघ मामले में न्यायालय ने मत दिया कि प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है, बशर्ते मूलभूत विशेषताओं में संशोधन नहीं किया जाए। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रस्तावना न तो विधायिका की शक्ति का स्रोत है और न ही विधायिका की शक्तियों पर प्रतिबंध लगाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

92. राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का पुनर्गठन करने की संसद की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी राज्य की सीमाओं को परिवर्तित करने के लिये विधेयक को उस राज्य के राज्यपाल की पूर्व अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही संसद में पेश किया जा सकता है।
2. केंद्रशासित प्रदेशों के मामले में संबंधित विधायिका का मत लेना आवश्यक नहीं है।
3. किसी राज्य अथवा केंद्रशासित प्रदेश के पुनर्गठन से संबंधित कानूनों को बहुमत और साधारण विधायी प्रक्रिया के द्वारा पारित किये जाने की आवश्यकता होती है, न कि संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** राज्य के पुनर्गठन के लिये परिवर्तनों के उद्देश्य से लाए जाने वाले विधेयक को संसद में राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति के बाद ही प्रस्तुत किया जा सकता है। इस संबंध में राज्यपाल की सिफारिश आवश्यक नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- विधेयक की संस्तुति के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा उसे संबंधित राज्य के विधानमंडल का मत जानने के लिये भेजा जाना आवश्यक है और निर्धारित समयसीमा के अंदर विधानमंडल को अपनी राय से अवगत कराना होता है।
- राष्ट्रपति (या संसद) राज्य विधानमंडल के मत को मानने के लिये बाध्य नहीं है और इसे स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। भले ही यह मत निर्धारित समय के अंदर प्राप्त हो गया हो। इसके अलावा, संसद में विधेयक में संशोधन लाए जाने और उसकी स्वीकृति के लिये प्रत्येक अवसर पर उसे राज्य विधानमंडल को भेजा जाना आवश्यक नहीं है।

- केंद्रशासित प्रदेश के मामले में उनकी राय के लिये संबंधित विधानमंडल को भेजना आवश्यक नहीं है और संसद जैसा उचित समझे वैसा स्वयं ही कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके अतिरिक्त, संविधान (अनुच्छेद-4) यह घोषित करता है कि नए राज्यों के प्रवेश या स्थापना (अनुच्छेद-2 के अंतर्गत), नए राज्यों के निर्माण, मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों- सीमाओं या नामों में परिवर्तन (अनुच्छेद-3 के अंतर्गत) के लिये बनाए गए कानूनों को अनुच्छेद-368 के तहत संविधान संशोधन नहीं माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि इस तरह के कानून को साधारण बहुमत और सामान्य विधायी प्रक्रिया द्वारा पारित किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

93. मौलिक अधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. मौलिक अधिकारों द्वारा वे प्रावधान प्रदान किये जाते हैं जो राज्य एवं व्यक्तियों - दोनों के द्वारा भेदभाव प्रतिबंधित करते हैं।
    2. मौलिक अधिकार, वंशानुगत उपाधियों के प्रयोग को प्रतिबंधित करते हैं।
    3. मौलिक अधिकार, प्रदर्शन या धरने का अधिकार प्रदान करते हैं लेकिन हड़ताल का अधिकार नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** अनुच्छेद-15 में यह प्रावधान है कि राज्य किसी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा।

- अनुच्छेद-15 का दूसरा प्रावधान कहता है कि कोई नागरिक केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर - (a) दुकानों, सार्वजनिक भोजनालयों, होटलों और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों में प्रवेश, या (b) पूर्णत: या अंशत: राज्य-निधि से पोषित या साधारण जनता के प्रयोग के लिये समर्पित कुओं, तालाबों, स्नानघाटों, सड़कों और सार्वजनिक समागम के स्थानों के उपयोग के संबंध में किसी भी निर्योग्यता, दायित्व, निर्बंधन या शर्त के अधीन नहीं होगा।
- यह प्रावधान राज्य और निजी व्यक्तियों, दोनों द्वारा विभेद पर प्रतिबंध लगाता है, जबकि पहला प्रावधान केवल राज्य द्वारा विभेद पर प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद-18 द्वारा उपाधियों का अंत:**
- महाराजा, राज बहादुर, राय बहादुर, राय साहब, दीवान बहादुर जैसी वंशानुगत उपाधियाँ, जो औपनिवेशिक राज्य द्वारा कुलीनों को प्रदान की गई थीं, अनुच्छेद-18 द्वारा प्रतिबंधित हैं क्योंकि ये सर्वसमानता के सिद्धांत के विरुद्ध हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद-19 सभी नागरिकों को छह अधिकारों की गारंटी देता है। ये हैं:**
    i. वाव्-स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति-स्वातंत्र्य का अधिकार।
    ii. शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का अधिकार।
    iii. संगम या संघ या सहकारी समिति बनाने का अधिकार।

iv. भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण का अधिकार।
v. भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भाग में निवास करने और बस जाने का अधिकार।
vi. कोई वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करने का अधिकार।

**वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:**

- इसके अनुसार प्रत्येक नागरिक को अपने दृष्टिकोण, विचार, विश्वास और आस्था को मौखिक, लिखित, प्रकाशित, चित्रित अथवा अन्य किसी भी प्रकार से स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करने का अधिकार है।
- वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में निम्न तत्त्व शामिल हैं:
  (a) अपने या किसी अन्य के विचारों को प्रसारित करने का अधिकार।
  (b) प्रेस की स्वतंत्रता।
  (c) व्यावसायिक विज्ञापनों की स्वतंत्रता।
  (d) फोन-टैपिंग के विरुद्ध अधिकार।
  (e) प्रसारण (टेलीकास्ट) का अधिकार, अर्थात् सरकार का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर एकाधिकार नहीं है।
  (f) किसी राजनीतिक दल या संगठन द्वारा आयोजित भारत बंद के विरुद्ध अधिकार।
  (g) सरकारी गतिविधियों के बारे में जानने का अधिकार।
  (h) मौन रहने की स्वतंत्रता।
  (i) अखबार पर पूर्व प्रतिबंध (प्री-सेंसरशिप) के विरुद्ध अधिकार।
  (j) प्रदर्शन करने या धरना देने का अधिकार लेकिन हड़ताल करने का अधिकार नहीं।

**अत: कथन 3 सही है।**

94. निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि अनुच्छेद-21 केवल मनमानी कार्यकारी कार्यवाही के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है, मनमानी विधायी कार्यवाही के विरुद्ध नहीं?

a. मेनका गांधी वाद (1978)
b. गोपालन वाद (1950)
c. केशवानंद भारती वाद (1973)
d. मंडल वाद (1992)

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** अनुच्छेद-13 घोषित करता है कि संविधान संशोधन कोई विधि नहीं है और इसलिये उसे चुनौती नहीं दी जा सकती। यद्यपि, सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती मामले (1973) में कहा कि इस आधार पर संविधान संशोधन को चुनौती दी जा सकती है कि यह किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है, जो संविधान के 'मूलभूत ढाँचे' के एक भाग का निर्माण करता है। अत: उसे अवैध घोषित किया जा सकता है।

- प्रसिद्ध मंडल मामले (1992) में, अनुच्छेद-16 (4) के दायरे और सीमा, जो कि पिछड़े वर्गों के पक्ष में रोज़गार आरक्षण का प्रावधान करते हैं, का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूरण परीक्षण किया गया। न्यायालय ने सामान्य श्रेणी के गरीब वर्गों के लिये 10 प्रतिशत के अतिरिक्त आरक्षण को अस्वीकार कर दिया, लेकिन कुछ शर्तों के साथ अन्य पिछड़े वर्गों (ओ.बी.सी.) के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा।
- प्रसिद्ध गोपालन मामले (1950) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की सूक्ष्म व्याख्या की। इसमें व्यवस्था की गई कि अनुच्छेद 21 के तहत केवल मनमानीपूर्ण कार्यकारी प्रक्रिया के

विरुद्ध सुरक्षा उपलब्ध है, न कि विधानमंडलीय प्रक्रिया के विरुद्ध। **अत: विकल्प (b) सही है।**

- लेकिन मेनका मामले (1978) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के तहत गोपालन मामले में लिये गए अपने निर्णय को पलट दिया। न्यायालय ने कहा कि किसी व्यक्ति को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार से विधि द्वारा वंचित किया जा सकता है यदि उस विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया उचित, उपयुक्त और न्यायसंगत है।
- इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद-21 में सन्निहित 'जीवन का अधिकार' केवल जीव अस्तित्व या उत्तरजीविता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार और जीवन के वे सभी पहलू शामिल हैं जो किसी व्यक्ति के जीवन को सार्थक, पूर्ण और जीने योग्य बनाते हैं।

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. रिट केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किये जा सकते हैं।
   2. सर्वोच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों और साधारण कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है।
   3. सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों रिट अधिकारिता के प्रयोग से मना कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** सर्वोच्च न्यायालय (अनुच्छेद-32 के अंतर्गत) और उच्च न्यायालय (अनुच्छेद-226 के अंतर्गत) बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण एवं अधिकार पृच्छा के रूप में रिट जारी कर सकते हैं।

- इसके अतिरिक्त, संसद (अनुच्छेद-32 के तहत) किसी अन्य न्यायालय को भी रिट जारी करने के लिये शक्ति प्रदान कर सकती है। चूँकि अब तक ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अत: केवल सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय ही रिट जारी कर सकते हैं, अन्य न्यायालय नहीं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 1950 से पहले केवल कलकत्ता, बंबई और मद्रास उच्च न्यायालय को ही रिट जारी करने की शक्ति प्राप्त थी। अनुच्छेद-226 अब सभी उच्च न्यायालयों को रिट जारी करने का अधिकार प्रदान करता है।
- रिट का प्रावधान अंग्रेज़ी कानून से लिया गया है, जहाँ उन्हें 'विशेषाधिकार रिट' (Prerogative writs) कहा जाता है। इन्हें इंग्लैंड में विशेषाधिकार रिट इसलिये कहा जाता है क्योंकि इन्हें राजा के विशेषाधिकार के तहत जारी किया गया है और अभी तक वहाँ राजा को 'फाउंटेन ऑफ जस्टिस' (Fountain of justice) के रूप में देखा जाता है।
- सर्वोच्च न्यायालय का रिट संबंधी क्षेत्राधिकार उच्च न्यायालय से तीन प्रकार से भिन्न है:
    - उच्चतम न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है जबकि उच्च न्यायालय न केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये बल्कि साधारण कानूनी अधिकारों के लिये रिट जारी कर सकते हैं। इस प्रकार,

सर्वोच्च न्यायालय का रिट संबंधी क्षेत्राधिकार उच्च न्यायालय की तुलना में कम विस्तृत है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

- सर्वोच्च न्यायालय भारत के क्षेत्र में कहीं भी किसी व्यक्ति या सरकार के विरुद्ध रिट जारी कर सकता है, जबकि उच्च न्यायालय केवल संबंधित राज्य के व्यक्ति या अपने क्षेत्र के राज्य को या यदि मामला दूसरे राज्य से संबंधित हो, तो उस राज्य के विरुद्ध ही रिट जारी कर सकता है। इस प्रकार, रिट जारी करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय का क्षेत्राधिकार अधिक विस्तृत है।
- अनुच्छेद-32 के अंतर्गत, संवैधानिक उपचार का अधिकार स्वयं एक मौलिक अधिकार है और इसलिये सर्वोच्च न्यायालय अपने रिट संबंधी अधिकार के उपयोग को नकार नहीं सकता है। दूसरी ओर, अनुच्छेद-226 के तहत प्रदत्त उपचार एक विवेकाधीन उपचार है और इसलिये उच्च न्यायालय अपने रिट अधिकार क्षेत्र के क्रियान्वयन से इनकार भी कर सकता है। अनुच्छेद-32 केवल उस प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय को रिट जारी करने की शक्ति प्रदान नहीं करता जैसे अनुच्छेद-226 उच्च न्यायालय को प्रदान करता है, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के रक्षक और संरक्षक के रूप में स्थापित भी करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

96. अमेरिकी राजनैतिक व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अमेरिकी राष्ट्रपति राज्य का अध्यक्ष और सरकार का अध्यक्ष - दोनों होता है।
   2. 'किचन कैबिनेट' की प्रकृति केवल सलाहकारी होती है।
   3. राष्ट्रपति और उसके सचिव अपने कृत्यों के लिये कॉन्ग्रेस के प्रति उत्तरदायी नहीं होते हैं।
   4. शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत अमेरिकी राष्ट्रपति शासन व्यवस्था का आधार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1, 2 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (d)

**व्याख्या:**

(a) अमेरिकी राष्ट्रपति राज्य व सरकार, दोनों का प्रमुख होता है। यह राज्य के प्रमुख के रूप में एक औपचारिक स्थिति प्राप्त करता है और सरकार के प्रमुख के रूप में वह सरकार के कार्यकारी अंग का नेतृत्व करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

(b) राष्ट्रपति को एक निर्वाचक मंडल द्वारा चार वर्ष के निश्चित कार्यकाल के लिये निर्वाचित किया जाता है। गंभीर असंवैधानिक कृत्य के लिये कॉन्ग्रेस द्वारा महाभियोग की प्रक्रिया के अतिरिक्त उसे हटाया नहीं जा सकता।

(c) राष्ट्रपति एक मंत्रिमंडल अथवा 'किचन कैबिनेट' नामक एक छोटे निकाय की

सहायता से शासन करता है। यह केवल एक सलाहकार निकाय है और इसमें गैर-निर्वाचित विभागीय सचिव शामिल होते हैं। इनका चयन एवं नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है और ये केवल उसके प्रति उत्तरदायी होते हैं और उसी के द्वारा उन्हें किसी भी समय हटाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

(d) राष्ट्रपति और उनके सचिव अपने कृत्यों के लिये कॉन्ग्रेस के प्रति उत्तरदायी नहीं होते हैं। वे न तो कॉन्ग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हैं, न ही इसके सत्र में भाग लेते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

(e) राष्ट्रपति 'हाउस ऑफ रिप्रेज़ेंटेटिव' (कॉन्ग्रेस का निम्न सदन) का विघटन नहीं कर सकता।

(f) शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत अमेरिकी राष्ट्रपति प्रणाली का आधार है। सरकार की विधायी, कार्यकारी और न्यायिक शक्तियाँ सरकार के तीन स्वतंत्र अंगों में विभाजित और निहित हैं। **अतः कथन 4 सही है।**

97. मौलिक अधिकार नीति-निदेशक तत्त्वों से किस प्रकार भिन्न हैं?

1. मौलिक अधिकार, राजनैतिक लोकतंत्र की स्थापना करते हैं जबकि नीति-निदेशक तत्त्वों का लक्ष्य केवल सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना है।
2. मौलिक अधिकार, समुदाय के कल्याण को बढ़ावा देते हैं जबकि नीति-निदेशक तत्त्व व्यक्ति के कल्याण को बढ़ावा देते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

| मूल अधिकार | निदेशक तत्त्व |
|---|---|
| 1. ये नकारात्मक हैं जैसा कि ये राज्य को कुछ मसलों पर कार्य करने से प्रतिबंधित करते हैं। | 1. ये सकारात्मक हैं, राज्य को कुछ मसलों पर इनकी आवश्यकता होती है। |
| 2. ये न्यायोचित होते हैं, इनके हनन पर न्यायालय द्वारा इन्हें लागू कराया जा सकता है। | 2. ये गैर-न्यायोचित होते हैं। इन्हें कानूनी रूप से न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता। |
| 3. इनका उद्देश्य देश में लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करना है। | 3. इनका उद्देश्य देश में सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना करना है। |
| 4. ये कानूनी रूप से मान्य हैं। | 4. इन्हें नैतिक एवं राजनीतिक मान्यता प्राप्त है। |
| 5. ये व्यक्तिगत कल्याण को प्रोत्साहन देते हैं, इस प्रकार ये वैयक्तिक हैं। | 5. ये समुदाय के कल्याण को प्रोत्साहित करते हैं, ये स्वतः लागू नहीं होते। |
| 6. इनको लागू करने के लिये विधान की आवश्यकता नहीं, ये स्वतः लागू हैं। | 6. इन्हें लागू करने के लिये विधान की आवश्यकता होती हैं, ये स्वतः लागू नहीं होते। |
| 7. न्यायालय इस बात के लिये बाध्य है कि किसी भी मूल अधिकार के हनन की विधि को वह | 7. निदेशक तत्त्वों का उल्लंघन करने वाली किसी विधि को न्यायालय असंवैधानिक और |

| | |
|---|---|
| गैर-संवैधानिक एवं अवैध घोषित करे। | अवैध घोषित नहीं कर सकता। यद्यपि विधि की वैधता को इस आधार पर सही ठहराया जा सकता है कि इन्हें निदेशक तत्त्वों को प्रभावी करने के लिये लागू किया गया था। |

- **क्रम 3 में अंतर स्पष्ट। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **क्रम 5 में अंतर स्पष्ट। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. मंत्रिपरिषद के किसी भी सदस्य को लोकसभा द्वारा एक विशेषाधिकार प्रस्ताव को पारित करके हटाया जा सकता है।
    2. केवल मंत्रिपरिषद ही राष्ट्रपति को लोकसभा की समयावधि समाप्त होने से पूर्व उसे विघटित करने का परामर्श दे सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या: सामूहिक उत्तरदायित्व:** यह संसदीय सरकार का विशिष्ट सिद्धांत है। मंत्री सामूहिक रूप से संसद के प्रति, विशेष रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होते हैं (अनुच्छेद-75)। वे एक दल के रूप में कार्य करते हैं और एक साथ उत्थान या पतन करते हैं। सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत का अर्थ है कि लोकसभा मंत्रालय (अर्थात् प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले मंत्रिपरिषद) को अविश्वास मत के माध्यम से हटा सकती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- **निचले सदन का विघटन:** प्रधानमंत्री की सिफारिश पर संसद के निचले सदन (लोकसभा) को राष्ट्रपति द्वारा भंग किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, प्रधानमंत्री अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले राष्ट्रपति को लोकसभा भंग करने और नए चुनाव कराने की सलाह दे सकता है। इसका अर्थ है कि कार्यपालिका को संसदीय प्रणाली में विधायिका को भंग करने का अधिकार प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

99. वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
    1. वित्त आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है।
    2. वित्त आयोग में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    3. वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्य पुनर्नियुक्ति के पात्र होते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भारत के संविधान में अनुच्छेद-280 के अंतर्गत अर्द्ध-न्यायिक निकाय के रूप में वित्त आयोग की व्यवस्था की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**

- वित्त आयोग में एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। वे राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की गई अवधि तक पद धारण

करते हैं। वे पुनर्नियुक्ति के पात्र होते हैं। **अतः कथन 2 और 3 दोनों सही हैं।**

- वित्त आयोग की सिफारिशें केवल सलाहकार प्रकृति की होती हैं और इसलिये सरकार पर बाध्यकारी नहीं होतीं। यह केंद्र सरकार की इच्छा पर निर्भर है कि वह इसकी सिफारिशों को लागू करे।

100.नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को नियुक्तियों पर कैबिनेट समिति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक छह वर्षों की अवधि तक या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिये पद ग्रहण करता है।
3. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पदमुक्ति के बाद भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन कोई अन्य पद धारण करने के लिये पात्र है।
4. वेतन और अन्य सेवा शर्तें राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** भारत के महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। उसमें उन योग्यताओं का होना आवश्यक है जो उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश की नियुक्ति के लिये आवश्यक होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- महान्यायवादी के कार्यकाल को संविधान द्वारा निश्चित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त संविधान में उसे हटाने को लेकर भी कोई उपबंध नहीं किया गया है। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपने पद पर बना रहता है। इसका अर्थ यह है कि उसे राष्ट्रपति द्वारा कभी भी हटाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान में (अनुच्छेद-76) भारत के महान्यायवादी के पद की व्यवस्था की गई है। वह देश का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है। **अतः कथन 3 सही है।**